मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## शिंदे सरकार का मास्टरस्ट्रोक : OBC आरक्षण, लाडली बहना के बाद अब टोल फ्री

# मुंबई में अब 'टोल फ्री' एंट्री

**अमित बृज | मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के ऐलान से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली महायुति सरकार ने मुंबईवासियों को बड़ी गुड न्यूज देते मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में प्रवेश करने वाले सभी पांच टोल बूथों पर हल्के मोटर वाहनों के लिए आधी रात से पूर्ण टोल माफ़ी की घोषणा की है, क्योंकि इन सड़कों और फ्लाईओवरों के निर्माण की लागत वसूल हो गई है। इससे कुछ पैसे और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लोगों को कतारों में लगने वाला समय भी बचेगा। यह फैसला 14 अक्तूबर की रात 12 बजे से प्रभाव में आ जाएगा।

### अब कोई टोल नहीं लगेगा

राज्य सरकार के अनुसार इस फैसले के बाद से छोटे वाहन चालक अब मुंबई के इन पांच प्रवेश द्वारों पर कोई टोल नहीं देंगे, जिसमें दहिसर, मुलुंड (एलबीएस मार्ग), मुलुंड (ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे), वाशी में सायन-पनवेल हाईवे और ऐरोली क्रीक ब्रिज का नाम शामिल किया गया है। यह फैसला विधानसभा चुनावों में महायुति के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए किए जा रहे लोकलुभावन वादों की एक श्रृंखला का हिस्सा है। टोल मुक्त करने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने मुंबई में 55 फ्लाईओवर बनाए थे। इन पुलों की लागत वसूलने के लिए, मुंबई के प्रवेश द्वारों पर टोल बूथ बनाए गए थे।

### 2002 में शुरू हुए थे टोल बूथ

1999 में टोल बूथों के निर्माण के लिए निविदा जारी की गई थी। इसके बाद 2002 में सभी पांच टोल बूथ चालू हो गए थे। इसके बाद से मुंबई में टोल बूथों पर प्रवेश बिंदुओं पर टोल वसूली शुरू हुई। मनसे सहित कई संगठन और कार्यकर्ता लंबे समय से मुंबई में टोल मुक्त करने की मांग कर रहे थे। हाल ही में, यूबीटी सेना और राज्य के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने भी इस मांग को दोहराया था। राज्य सरकार के इस फैसले से ठाणे कल्याण की तरफ से मुंबई में प्रवेश करने वाले लाखों लोगों के लिए यह निर्णय बड़ी राहत लेकर आया है। इससे मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (MMR) में रहने वाले लोगों के न सिर्फ रुपए बचेंगे बल्कि उनका समय भी बचेगा। चुनावों के इस फैसले का लाभ महायुति सरकार के घटक दलों में मिल सकता है।

### CM शिंदे के इस फैसले पर विपक्ष ने उठाया सवाल

वहीं, सीएम एकनाथ शिंदे ने मुंबई में हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल टैक्स समाप्त करने की घोषणा कर जुबानी जंग छेड़ दी। कांग्रेस ने राज्य सरकार ने इस फैसले को चुनावी जुमला बताया तो उद्धव ठाकरे गुट की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने इसे बिगड़ती कानून व्यवस्था से लोगों का ध्यान हटाने का तरीका बताया। अब इस मामले में सीएम शिंदे ने विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार चुनाव को ध्यान में रखकर फैसले नहीं लेती है।

# मुंबई में रोड रेज

## मालाड में शख्स की पीट-पीटकर हत्या



### ▸▸ बेटे को बचाने के लिए ऊपर लेट गई मां बाप थप्पड़-घूंसे खाता रहा

**राजा आदाटे | मुंबई**

मुंबई के मालाड में ओवरटेकिंग के विवाद पर एक 34 वर्षीय युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक की मां और पिता ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन दोनों इसमें असफल रहे। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना 12 अक्टूबर बताई जा रही है। मृतक महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) का सदस्य था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, घटना के समय युवक का परिवार भी वहां मौजूद था। युवक अपनी बाइक पर सवार था। तभी एक ऑटो वाले ने ओवर टेक किया। 34 वर्षीय आकाश मैण की ऑटो रिक्शा चालक से कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। इसके बाद ऑटो रिक्शा चालक के साथी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों को छुड़ाने की बजाए वो आकाश को पीटने लगे।

### ऑटो चालक के साथियों ने मिलकर पीटा

जब ऑटो चालक और उसके साथी आकाश को पीट रहे थे तो उसके माता-पिता ने उसे बचाने के लिए पूरी कोशिश की। पीड़ित की मां तो उसके ऊपर ही लेट गई। मगर आरोपी फिर भी लगातार पीड़ित को मारते रहे। आकाश को इतनी बुरी तरह से पीटा गया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### पिता को भी आई चोटें

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें घटना की क्रूरता देखी जा सकती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे गुस्साई भीड़ आकाश पर हमला कर रही है और उस पर बेरहमी से वार कर रही है। आकाश को बचाने की कोशिश में उनकी माँ उनके ऊपर लेट गई लेकिन भीड़ नहीं रुकी। इस हमले में आकाश के बुजुर्ग पिता को भी चोटें आई हैं और उनकी आंख पर गंभीर चोट आई है।

**पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार :** पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 22 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मुंबई पुलिस ने एक बयान में कहा कि मुंबई के मलाड में आकाश मैण नाम के एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना ओवरटेक को लेकर हुए विवाद के बाद हुई।

### झारखंड-महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव कराने जाएंगे अधिकारी

**मुंबई/रांची।** बिहार के अधिकारी झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में शामिल होंगे। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग का इन दोनों राज्यों में चुनाव की घोषणा कर सकता है। झारखंड और महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव करवाने के लिये बिहार कैडर के आईएएस अधिकारियों को भी बुलाया गया है। इन दो राज्यों समेत दिल्ली विधानसभा का उपचुनाव कराने बिहार के 22 आईएएस अधिकारी की सूची आयोग ने राज्य सरकार को भेजी है। इन सभी अधिकारियों को 16 अक्टूबर को ब्रीफिंग के लिए दिल्ली बुलाया है।




## उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती

**हार्ट में ब्लॉकेज के चलते हुई एंजियो-प्लास्टी**



**दीपक पवार | मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत सुबह बिगड़ गई थी, जिसके बाद अस्पताल लाया गया। उनके हार्ट की विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी का फैसला लिया। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि उद्धव ठाकरे को सुबह 8 बजे ही अस्पताल लाया गया था। उन्हें बेचैनी की शिकायत थी, जिसके बाद चेकअप किया गया तो एंजियोप्लास्टी की जरूरत महसूस हुई। उनके हार्ट में ब्लॉकेज की शिकायत थी। इसी के चलते उनकी सोमवार को ही एंजियोप्लास्टी कर दी गई।

**आदित्य बोले** ऑल इज वेल, पहले 2 बार एंजियोप्लास्टी हो चुकी है, तब 2 जगह 100% ब्लॉकेज थे

### हार्ट करीब 60 फीसदी तक ब्लॉक

रिपोर्ट्स के अनुसार 12 अक्टूबर को दशहरे की रैली के बाद से ही उद्धव ठाकरे असहज महसूस कर रहे थे। उस रैली में उद्धव ठाकरे ने राज्य की महायुति सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला था। बता दें कि 2016 में भी उद्धव ठाकरे को अस्पताल में एडमिट कराया गया था। तब उनके एंजियोग्राफी टेस्ट हुए थे। यही नहीं इससे पहले भी दो बार उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी जुलाई और नवंबर 2012 में हो चुकी है। तब उनके हार्ट की तीन आर्टरिज ब्लॉक थीं। इसी के चलते उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीबी सूत्रों के अनुसार उनका हार्ट करीब 60 फीसदी तक ब्लॉक था।

### महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का नाम अब 'रतन टाटा' के नाम पर होगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का नाम बदकल पद्म विभूषण रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय कर दिया है। 14 अक्टूबर को हुई राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक में इसका फैसला किया गया। कौशल



विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने इस संबंध में जानकारी दी है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन रहे रतन टाटा का 9 अक्टूबर को देर रात निधन हो गया था। रतन टाटा न केवल एक सम्मानित उद्योगपति थे, बल्कि एक परोपकारी व्यक्ति भी थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज की बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया था। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास में उनके योगदान ने देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रतन टाटा की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'भारत का बेटा' और 'गौरव' बताया और उन्हें सच्चा 'अनमोल रतन' बताया।

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

## हत्यारों के निशाने पर थे जीशान सिद्दीकी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में सोमवार को मुंबई पुलिस ने बताया कि बेटा जीशान सिद्दीकी भी शूटर्स के निशाने पर था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने इस बात को स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया कि उन्हें बाबा सिद्दीकी और जीशान दोनों को गोली मारने के आदेश मिले थे, कहा गया था कि जो मिले उसे मार दो। कुछ दिन पहले जीशान को धमकी भी दी गई थी। पुलिस ने कुर्ला स्थित उस कमरे की भी छानबीन की, जहां आरोपी एक महीने तक ठहरे थे। यहीं पर मर्डर की साजिश रची गई।

### तीसरे आरोपी प्रवीण लोनकर को कोर्ट ने उसे 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा



बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार तीसरे आरोपी प्रवीण लोनकर को कोर्ट ने उसे 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मेडिकल चेकअप के बाद आरोपी को एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया गया था। प्रवीण लोनकर को मुंबई क्राइम ब्रांच ने रविवार को पुणे से गिरफ्तार किया था। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने रविवार को तीसरी गिरफ्तारी की थी। पुलिस ने एनसीपी नेता के हत्याकांड में शामिल शुभम लोनकर के 28 वर्षीय भाई प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया गया था। प्रवीण उन साजिशकर्ताओं में से एक है, जिसने शुभम लोनकर के साथ मिलकर धर्मराज कश्यप और शिवकुमार गौतम को साजिश में शामिल किया था। इससे पहले बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार दो आरोपियों की पहचान गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में हुई है, जिन्हें एस्प्लेनेड कोर्ट से ले जाया गया। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को 21 अक्टूबर तक मुंबई क्राइम ब्रांच की हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप को पुलिस हिरासत में नहीं दी गई। कोर्ट ने दूसरे आरोपी को ऑसिफिकेशन टेस्ट कराने के बाद फिर से पेश करने का निर्देश दिया है।



### लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर मुनव्वर फारूकी?

मुंबई पुलिस स्टैंड कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को भी सुरक्षा देने वाली है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में जब मुनव्वर दिल्ली में थे तो वहां कुछ लोगों ने उनका पीछा किया।

### उज्जैन और खंडवा के पूजा स्थल पहुंची मुंबई पुलिस

गोली चलाने वाला तीसरा आरोपी फरार है। मुंबई पुलिस तीसरे संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई व मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले फरार आरोपी शूटर शिव कुमार गौतम की तलाश में मुंबई पुलिस का साथ मध्य प्रदेश पुलिस भी दे रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि धार्मिक स्थलों के अलावा अन्य स्थानों पर आरोपी की तलाश जारी है।

**महंगाई की मार** ▸ बेमौसम बारिश का असर अब लोगों की जेब पर पड़ रहा भारी

# सब्जियां छमाही में दस साल के बराबर महंगी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भीषण गर्मी, असामान्य और बेमौसम बारिश का असर अब लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। इसके चलते फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे सब्जियों, दालों से लेकर अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। आरबीआई का आंकड़ा बताता है कि सब्जियों की कीमतों में जितना उछाल वित्त वर्ष 2011-12 से 2019-20 की अवधि के दौरान आया, उससे ज्यादा तेजी चालू वित्त वर्ष के छह महीनों में दर्ज की गई है। यही स्थिति दालों की भी रही है।



**प्रमुख खाद्य उत्पादों की महंगाई (वृद्धि प्रतिशत) में**

| खाद्य उत्पाद | 2011-12 से 2019-20 के बीच | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| सब्जी | 30 .4 | 54 .1 | 32 .9 |
| फल | 7 .1 | 6 .1 | 9 .6 |
| दालें | 4 .8 | 10 .5 | 6 .6 |
| फूड एंड वेबरेज | 6 .7 | 8 .8 | 6 .3 |
| दूध | 3 .0 | 2 .2 | 1 .8 |

### सब्जियों की कीमतों में 30 .4 फीसदी की औसत बढ़ोतरी

आरबीआई ने मौद्रिक नीति रिपोर्ट अक्टूबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई को लेकर भी अध्ययन किया है और उसके कारणों को बताया है। रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2011-12 से 2019-20 के बीच सब्जियों की कीमतों में 30 .4 फीसदी की औसत बढ़ोतरी दर्ज की गई, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष के छह महीने में 32 .9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, बीते वित्त वर्ष में यह वृद्धि 54 .1 फीसदी रही थी लेकिन मौसम के चलते किसी एक अवधि में सब्जियों की कीमतों में इतनी बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन बीते वर्ष से इसमें लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। आलम यह है कि आलू की कीमतों में इस साल जुलाई से अगस्त के बीच 65 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसका कारण उत्पादन में कमी को बताया गया है। इसी तरह फल, दाल और फूड एंड वेबवरेज से जुड़े उत्पादों की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी देखी गई है।

### थोक और खुदरा महंगाई

- ▸▸ सितंबर में खुदरा महंगाई 5.46 फीसदी रही, जो नौ महीने के शीर्ष पर है
- ▸▸ थोक महंगाई भी बढ़कर 1.84 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 1.31 प्रतिशत थी

## केंद्र सरकार ने लांच किया राष्ट्रीय बिजली प्लान

**नेपाल, सऊदी अरब समेत कई देशों तक फैलेगा नेटवर्क**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को एक राष्ट्रीय बिजली प्लान (ट्रांसमिशन) लांच किया है। जिसका उद्देश्य पूरे देश में बिजली ट्रांसमिशन व्यवस्था को आमूल-चूल बदलाव लाते हुए इसे इस तरह से तैयार करना है ताकि अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से बनने वाली बिजली की ट्रांसमिशन भी आसानी से हो। इस प्लान के तहत भारत में अगले दस सालों के अंदर 1.91 लाख किलोमीटर नई ट्रांसमिशन लाइन बिछाने, वर्ष 2032 तक 168 गीगावाट्स की अतंर-क्षेत्रीय ट्रांसमिशन की क्षमता करने करने की योजना बनाई है। साथ ही पाकिस्तान को छोड़ कर भारत के अन्य पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, भूटान व श्रीलंका के साथ ही यूएई और सउदी अरब



तक की बिजली व्यवस्था को आपस में इंटरकनेक्टेड रखने की सोच दिखाई गई है। इन सभी योजनाओं पर कुल 9,00,000 करोड़ रुपए के निवेश होने की संभावना है। राष्ट्रीय बिजली प्लान की रूपरेखा केंद्रीय बिजली आयोग (सीईए) ने तैयार की है जिसे केंद्रीय बिजली व आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लांच किया। बिजली मंत्री ने कहा कि, नई ट्रांसमिशन व्यवस्था में इस बात का खास तौर पर ख्याल रखा जाना चाहिए कि वर्ष 2030 तक देश में अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से पांच लाख मेगावाट और छह लाख मेगावाट बिजली बनने लगेगा।

# सीएम हेमंत सोरेन ने मुंबई में झारखंड भवन की रखी आधारशिला

दोपहर संवाददाता | पालघर

नवी मुंबई में बनने वाला झारखंड भवन अनूठा होगा। भवन के गुंबद और दीवारों पर सोहराई कला अंकित होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमि पूजन और भवन की आधारशिला रखी तो मुंबई में रह रहे प्रवासियों की वर्षों पुरानी इच्छा पूरी हुई। नवी मुंबई के वाशी में बनने वाले इस सात मंजिला भवन में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए वीवीआईपी सुइट्स, डीलक्स कमरे, प्रदर्शनी हॉल, सेमिनार हॉल, व्यायामशाला, भोजन क्षेत्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ छत पर उद्यान, वर्षा जल संचयन आदि की सुविधा होगी। भवन को झारखंडी पुट देने के लिए पारंपरिक सोहराई पेंटिंग से सजाया जाएगा। यह भवन झारखंड से मुंबई इलाज के लिए आने वाले मरीजों को रियायती दरों पर आवास उपलब्ध कराकर उनकी सेवा भी करेगा।

## हाईटेक सुविधाओं से लैस होगा मुंबई का झारखंड भवन



### 20 वर्षों से की जा रही थी मांग

झारखंड के प्रवासी मजदूरों के अग्रणी गैर सरकारी संगठन झारखंडी एकता संघ ने पिछले 20 वर्षों से झारखंड सरकार के समक्ष इस मांग को लेकर अपने निरंतर प्रयासों से इस सपने को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज आलम, सचिव संतोष कुमार तथा प्रमुख सदस्यों में ताजुद्दीन अंसारी, विनोद प्रसाद, राजेंद्र शर्मा, सदरुल शेख, असगर खान, काशिफ उल्लाह, सलीम अंसारी, कैलाश मंडल, तौफिक अंसारी, मुस्तकीम अंसारी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने राज्य सरकार के पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। संघ मुंबई में झारखंड के प्रवासियों की सेवा में सदैव तत्पर रहता है। कोरोना काल में संघ के सदस्यों ने उल्लेखनीय कार्य किया।

# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया 'माझी टीएमटी मोबाइल ऐप' का उद्घाटन



दोपहर संवाददाता | ठाणे

मनपा परिवहन सेवा के माध्यम से यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए माझी टीएमटी मोबाईल ऐप का उद्घाटन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से किया गया। इस ऐप के जरिए यात्रियों को यूपी आय द्वारा डिजिटल टिकिट निकालने की सुविधा उपलब्ध मिलेगी। साथ ही कुछ जगहों पर टिकिट की सुविधा उपलब्ध है यह टीएमटी की सभी जगहों पर सुविधा उपलब्ध होगीं।

# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की वजह से 27 गांवों को मिला न्याय

दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

## संघर्ष समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर माना आभार



संघर्ष समिति पिछले कई सालों से 27 गांवों की कई मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रही थी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की वजह से मांगें पूर्ण हो गईं. 27 ग्राम सर्वदलीय अधिकार संरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष गंगाराम शेलार ने सोमवार प्रगति कॉलेज के आगरी समाज सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संघर्ष समिति मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धन्यवाद देती है. 27 गांव सर्वदलीय अधिकार संरक्षण संघर्ष समिति, संत सावलाराम महाराज म्हात्रे स्मारक समिति और 27 गांव ग्राम पंचायत कर्मचारी संघ की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष गंगाराम शेलार, उपाध्यक्ष गुलाब वझे, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, वसंत पाटिल, गजानन मंगरुलकर, एकनाथ पाटिल, शरद पाटिल, दत्ता वझे, शिव सेना डोंबिवली शहर प्रमुख राजेश मोरे सहित 27 गांव के अधिकार संरक्षण संघर्ष समिति के सदस्य, श्री संत सावलाराम महाराज म्हात्रे स्मारक समिति के सदस्य और 27 गांवों के ग्राम पंचायत कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित थे. इस अवसर पर अध्यक्ष गंगाराम शेलार ने कहा, कल्याण डोंबिवली में शामिल 27 गांव के संबंध में महाराष्ट्र सरकार द्वारा चार बड़े फैसले लिए गए हैं. श्री संत सावलाराम महाराज म्हात्रे के स्मारक के लिए 10 एकड़ भूखंड स्वीकृत, कल्याणफाटा से राजनोली (भिवंडी) सड़क का नाम उनके नाम पर रखा गया है।

# पश्चिम रेलवे पर मनाया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा

दोपहर संवाददाता | मुंबई



भारतीय रेल द्वारा 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2024 तक सभी जोनों और उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विशिष्ट थीम के तहत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों को विस्तृत तौर पर मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा रेलवे परिसरों की स्वच्छता में स्पष्ट और ठोस सुधार सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इस पहल में शामिल होते हुए पश्चिम रेलवे ने भी स्टेशनों, कार्यालयों और रेलवे परिसरों को सुंदर बनाने के लिए विभिन्न स्वच्छता गतिविधियाँ शुरू की हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के नौवें और दसवें दिन, यानी 9 और 10 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ आहार पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा का 11वाँ दिन (11 अक्टूबर, 2024) स्वच्छ नीर थीम पर केंद्रित रहा। रेलवे परिसर में कुएं, तालाब आदि जल निकायों की पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित की गई। फिल्टर प्लांट सहित जल उपचार संयंत्रों की सफाई की गई, सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्व और पश्चात फिल्टरेशन जल गुणवत्ता जांच की गई। स्वच्छता पखवाड़ा का 12वां दिन यानी 12 अक्टूबर, 2024 स्वच्छ पोषण और पर्यावरण की थीम पर केंद्रित रहा। विभिन्न स्टेशनों पर मंडलों द्वारा सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत और नवीनीकरण अभियान चलाए गए, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान हुआ और यात्री सुविधाओं में वृद्धि हुई। रेलवे स्टेशनों, कोचिंग डिपो, ट्रेनों, अस्पतालों, कार्यस्थलों और आसपास के क्षेत्रों में सभी शौचालय ब्लॉकों की सफाई करके गहन सफाई अभियान चलाया गया। पश्चिम रेलवे पर इस दिन 600 से अधिक पौधे लगाए गए। स्वच्छता पखवाड़ा के 13वें दिन यानी 13 अक्टूबर, 2024 को पश्चिम रेलवे पर स्वच्छ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। असाधारण सफाई का प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी तरह सफाई गतिविधियों पर काम करने वाले लगभग 40 पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## स्वच्छता जागरूकता रैली के साथ समाप्त होगी यह पहल

विनीत ने आगे बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में संदेश, नारे और घोषणाएँ सभी स्टेशनों पर सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के माध्यम से की जा रही हैं। जन जागरूकता अभियान एकल-उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन को बढ़ावा देते हैं और प्लेटफार्मों और स्टेशन क्षेत्रों में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में अलग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह पहल 15 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छता जागरूकता रैली के साथ समाप्त होगी।

# मध्य रेल ने किया स्वच्छता जागरूकता अभियान और गतिविधियों का सफल आयोजन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने दिनांक 01.10.2024 से 15.10.2024 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' का आयोजन किया है, जो रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालयों, कॉलोनियों, कार्यशालाओं, अस्पतालों, खाद्य स्टालों आदि सभी स्थानों पर स्वच्छता में स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने के लिए एक पखवाड़े (15 दिन) तक चलने वाला स्वच्छता अभियान है। यह अभियान देश भर के सभी जोन, मंडल और कार्यशालाओं (कारखाने) में भारतीय रेलवे द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' की शुरुआत मुख्यालय और सभी मंडलों में स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके संबंधित कार्यस्थलों पर 'स्वच्छता शपथ' दिलाने के साथ हुई।



## कैसा रहा अब तक का आयोजन ?

- 9.98 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र कर हटाया गया
- 109.97 टन कचरा एकत्र कर उसका निपटान किया गया
- 461.7 किलोमीटर ट्रैक की सफाई की गई
- 116 किलोमीटर नालों की सफाई की गई
- 9200 लोगों ने श्रमदान में भाग लिया
- स्वच्छता प्रोटोकॉल का पालन न करने पर 268 लोगों को दंडित किया गया और उनसे 68,140/- रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए
- 32 स्टेशनों पर "वेस्ट टू आर्ट" सेल्फी पॉइंट लगाए गए

पहले दिन स्वच्छता जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। गांधी जयंती का दूसरा दिन विशेष रहा, जिसमें मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की, विशेष रूप से स्वच्छता थीम पर चित्रित विशेष ईएमयू रेक और लोकोमोटिव का निरीक्षण किया और उन्हें हरी झंडी दिखाई। आयोजित गतिविधियों में रंगोली प्रदर्शन, प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक भी शामिल थे। स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए मशहूर हस्तियों को भी शामिल किया गया, उदाहरण के लिए प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री दीया मिर्जा ने स्वच्छता अभियान के तहत शिवड़ी स्टेशन की पेंटिंग परियोजना में भाग लिया। मध्य रेल ने इस पूरे पखवाड़े के अंतर्गत अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ की हैं। प्रत्येक दिन स्वच्छ स्टेशन (स्वच्छ स्टेशन), स्वच्छ रेलगाड़ी (स्वच्छ रेलगाड़ियाँ), स्वच्छ पटरी (स्वच्छ पटरियाँ), स्वच्छ परिसर (स्वच्छ कार्यस्थल), स्वच्छ आहार (स्वच्छ खाद्य पदार्थ), स्वच्छ नीर (स्वच्छ पेयजल), स्वच्छ पोषण और स्वच्छ पर्यावरण (स्वच्छ शौचालय और पर्यावरण), स्वच्छ स्पर्धा (स्वच्छता प्रतियोगिता), प्लास्टिक को ना कहें और स्वच्छ समीक्षा (समीक्षा/ब्रीफिंग) जैसी थीम के साथ मनाया गया। इन गतिविधियों में रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मध्य रेल के मुंबई, पुणे, नागपुर, सोलापुर और भुसावल मंडलों में स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। मध्य रेल के पर्यावरण और हाउसकीपिंग विंग ने स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया है।

# 95 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया

## पेट्रोल पंप चालक का ऑफिस सील




### बकाया राशि का भुगतान नहीं किया

दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

कल्याण-डोंबिवली मनपा ने प्रॉपर्टी टैक्स चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। मुख्य रूप से बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की जा रही है। इस तरह 95 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स चोरी करने वाले पेट्रोल पंप चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार्यालय को सील कर दिया गया है। जो बार-बार नोटिस देने के बाद भी बकाएदार प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने में आनाकानी करते हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह, कल्याण पश्चिम में रोशन पेट्रोल पंप के मालिक पर प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में केडीएमसी का 95 लाख रुपये बकाया है। कई बार नोटिस भेजने के बावजूद उन्होंने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। आखिरकार आज केडीएमसी डिवीजन बी क्षेत्र अधिकारी सोनल देशमुख ने रोशन पेट्रोल पंप के कार्यालय को सील कर दिया है। पंप संचालक के कार्यालय को सील कर टैक्स जमा करने के लिए आठ दिन की मोहलत दी गयी है।

# भिवंडी में बारिश की वापसी

दोपहर संवाददाता | भिवंडी



तूफानी बारिश से भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाके बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं, तेज हवाओं के साथ गरज और बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है। इस बारिश के कारण कई लोगों के घर की छत उड़ गई है और तालुका के ग्रामीण इलाकों में तबाही मची है। भिवंडी तालुका के करनजोटी गांव में इस बारिश के कारण कई घर उजड़ गए हैं। बारिश से ग्रामीण इलाकों में बिजली के तार और खंभे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। तूफान के साथ आयी हवा के कारण कई जगहों पर बिजली गुल हो गयी और ग्रामीण इलाकों में किसानों के खेतों में कटी पड़ी धान की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। भिवंडी शहर में तेज बरसात के कारण जगह-जगह पानी भर गया, सड़क पर चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है, पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सड़क के किनारे पड़े कचरे के ढेर बरसात में भीग कर दुर्गंध फैल रहे हैं, जिससे शहर में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

# मकान में आग लगने से सामान जलकर राख

दोपहर संवाददाता | कल्याण

## महेश गायकवाड़ ने की एक लाख की मदद



कल्याण पूर्व के खडेगोलवली स्थित महेश कॉलोनी में रहने वाले लल्लन साव के मकान में अचानक आग लग गई। आग लगते ही परिसर के लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए फायरब्रिगेड के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में साव परिवार के सभी लोग सुरक्षित है, लेकिन आग की चपेट में आने से मकान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका है। साव परिवार की उपजीविका बैग बनाने का व्यवसाय है। मकान में बैग बनाने का सामान रखा हुआ था जो पूरी तरह से जल गया है। इस घटना से साव परिवार का काफी नुकसान हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना के शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने तुरंत ही मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। साथ ही साव परिवार के साथ हमदर्दी जताई। इस मुश्किल घड़ी से उबरने के लिए शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने साव परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता की है। स्थानिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में महेश गायकवाड ने उन्हें एक लाख रुपये का चेक सौंपा।

# उल्हासनगर मनपा कर्मचारियों को मिलेगा 17000 का बोनस

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका में आयोजित बैठक में महापालिका के सभी अधिकारी और कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी आयी है। प्रशासक तथा आयुक्त श्री विकास ढाकणे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में, प्रत्येक कर्मचारी को 17,000 रुपये का सानुग्रह अनुदान (बोनस) देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगळे और विभिन्न यूनियनों के प्रमुख प्रतिनिधि जैसे लेबर फ्रंट यूनियन के श्याम गायकवाड़, दीपक दाभणे, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कामगार यूनियन के चरणसिंह टाक, आसाराम टाक, भारतीय कामगार संघ के राधाकृष्ण साठे और मनसे के दिलीप थोरात उपस्थित थे।




### हजारों कर्मचारियों में खुशी की लहर

आयुक्त विकास ढाकणे द्वारा लिए गए इस निर्णय से महापालिका के हजारों कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है, जो लंबे समय से इस बोनस की उम्मीद कर रहे थे। यह कदम कर्मचारियों की मेहनत को सम्मानित करने और उनके कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।



जनता दल की ओर से मुंबई स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीपतराव शिंदे की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी छवि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महाराष्ट्र के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बाजपेयी, महाराष्ट्र सचिव अखबार शेख, कार्यालय सचिव भगवान साल्वी, पत्रकार भीमराव धुलप, संतोष कदम शैलेश गायकवाड़ और अन्य उपस्थित थे।

# सांसद के साथ विभिन्न लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कुमार आयलानी

## खेल भावना के प्रति लोगों का रुझान बढ़े इसके लिए सांसद विधायक ने खेला बैडमिंटन

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर



उल्हासनगर शहर तेजी से विकास की तरफ अग्रसर है। सोमवार को कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ। श्रीकांत शिंदे ने शहर के विविध विकास कार्यों का लोकार्पण किया इस दौरान शहर के विधायक कुमार आयलानी व अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र के सांसद बालाजी किनिकर भी सांसद के साथ मौजूद थे। इस दौरान उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, डीसीपी सचिन गोरे, शिवसेना नेता गोपाल लांडगे, राजेंद्र चौधरी, अरुण आसान समेत तमाम शहर के नागरिक उपस्थित रहे। कैंप पांच में सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा तहसील स्तर के क्रीड़ा संकुल, तहसीलदार कार्यालय उल्हासनगर की नई इमारत, कैंप 3 पवई चौक में एसडीओ कार्यालय की नई इमारत आदि का सांसद विधायक द्वारा शहर की जनता को लोकार्पण किया गया। सांसद शिंदे ने बताया कि अब नागरिकों का कार्य एक ही इमारत के भीतर हो सकेगा जिससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। वहीं काम करने वाले कर्मचारियों को भी नई इमारत में काम करने में सुविधा होगी। तहसील स्तरीय क्रीड़ा संकुल में लोकार्पण के बाद सांसद श्रीकांत शिंदे, विधायक कुमार आयलानी व बालाजी किनिकर ने खेल भावना का अधिकाधिक प्रसार हो इसके लिए बैडमिंटन भी खेला। सांसद शिंदे ने कहा कि उल्हासनगर, अंबरनाथ क्षेत्र के अभूतपूर्व विकास के लिए वह प्रतिबद्ध हैं और विधायक कुमार आयलानी के द्वारा निरंतर इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें उन्हे पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# राजनीतिक बैनर उतार रहे युवक की करंट से मौत

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर




उल्हासनगर। शहर में राजनीतिक प्रचार के लिए लगाए गए बैनर नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरनाक बनते जा रहे हैं। ऐसी ही एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शिंदे गट के एक राजनीतिक नेता विशाल पावशे का बैनर हटाते समय एक 25 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उल्हासनगर शहर के कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के श्रीराम चौक पर हुई और इस घटना से स्थानीय लोगों में गुस्से की लहर पैदा हो गई है। मृतक युवक की पहचान सोहेल अनिल भिंगार्डिव (25) के रूप में हुई है, जो हमेशा की तरह बैनर हटाने का काम कर रहा था। बैनर के लगे लोहे तार के बिजली के संपर्क में आने से जोरदार झटका लगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने राजनीतिक बैनर लगाने के खिलाफ नागरिकों में आक्रोश पैदा कर दिया है। विशाल पावशे शिंदे गट से कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार हैं। वह नवरात्रि उत्सव को लेकर बैनर लगाया था, लेकिन कुप्रबंधन के कारण एक युवक की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आवाज उठाई है और संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कई लोगों ने कहा कि शहर में राजनीतिक बैनरों का अनियंत्रित प्रदर्शन रोका जाना चाहिए, ताकि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं दोबारा न हों। फिलहाल इस मामले में विशाल पावशे और उनके कार्यकर्ताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है, लेकिन यह घटना इस बात का स्पष्ट उदाहरण बन गई है कि नेताओं की प्रसिद्धि के लिए आम नागरिकों की जान जोखिम में डाल दी जाती है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आरपीआई (ए) को कुछ सीटें दी जानी चाहिए: आठवले

दोपहर संवाददाता | मुंबई

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति को आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) को कुछ सीटें देनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि यदि उनका अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया तो क्या वह राजग में बने रहने पर निर्णय लेंगे, आठवले ने कहा कि वह सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ बने रहेंगे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, "ऐसा निर्णय लेना मेरा उद्देश्य नहीं है। लेकिन हमें कुछ सीटें मिलनी चाहिए, साथ ही विधान परिषद में प्रतिनिधित्व और विभिन्न सरकारी निगमों में पद मिलना चाहिए। महायुति में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा रहा है।" महायुति में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार की राकांपा शामिल हैं। इंदापुर के पूर्व विधायक और भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल के राकांपा (एसपी) में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर आठवले ने कहा कि अगर उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाया जाता तो वह पार्टी नहीं छोड़ते।

# कल्याण-डोंबिवली समेत उल्हासनगर में तेज हवाओ के साथ जोरदार बारिश

दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

महाराष्ट्र के कल्याण डोंबिवली उल्हासनगर, अंबरनाथ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में 4 घंटे से बिजली की गड़गड़ाहट और तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हो रही हैं। बिन मौसम बारिश ने लोगों को मुश्किले बढ़ा दी है। कई दुकानो और निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे आवाजाही करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ा। कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम लग गया। प्रशासन ने संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया है और स्थानीय नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग की ओर से आगामी दिनों में और अधिक बारिश की चेतावनी दी गई है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** सूरज की तरह चमकना है, तो सूरज की तरह जलें : ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## मंत्रालय में त्रिमूर्ति परिसर में 'संविधान मंदिर' का उद्घाटन



**मुंबई।** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा लिखित भारत का संविधान हर दृष्टि से अद्वितीय है। लोकतंत्र के मूल्यों को विकसित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी में भारत के संविधान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा संविधान मंदिर पहल लागू की जा रही है। आज मंत्रालय के त्रिमूर्ति परिसर में मंत्रालय के सफाई कर्मचारी जया दीपक चव्हाण, केशव परमार, प्रतिमा विलास मांगले ने 'संविधान मंदिर' का उद्घाटन किया। कौशल विकास विभाग के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय के अंतर्गत 434 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 'संविधान मंदिरों' की स्थापना परिकल्पना कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने की कर दी गई। भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के विचार और उनके संविधान और उसका महत्व , मंदिरों के माध्यम से संविधान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए यह गतिविधि निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होगी।

# महाराष्ट्र में चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में बैठकों का दौर

## ▶▶ बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों ने की अहम बैठकें

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र व झारखंड को लेकर चुनाव आयोग आज चुनावों को ऐलान कर सकता है। हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव से निपटने के बाद सोमवार को दिल्ली में महाराष्ट्र चुनाव को लेकर अहम बैठकें हुईं, जिसमें कांग्रेस व बीजेपी ने अपने अपने नेताओं के साथ बैठकर आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तय की। कल ही महाराष्ट्र के साथ झारखंड व देश के अलग-अलग राज्यों में होने वाले लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों की तारीखों का ऐलान भी हो सकता है।

### महाराष्ट्र के मंथन पर हरियाणा का साया

महाराष्ट्र को लेकर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास पर बैठक हुई, जिसमें महाराष्ट्र के तमाम बड़े नेताओं ने भाग लिया। बैठक में खरगे के अलावा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राज्य के प्रभारी रमेश चेनिथल्ला, प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बालासाहब थोराट, पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण, विजय वडेट्टीवार, सांसद वर्षा गायकवाड़ व प्रदेश के चार सह प्रभारी सहित दूसरे सीनियर नेताओं ने भाग लिया। इसमें रणनीतिकार सुनील कानूगोलू भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने हरियाणा के नतीजों से सबक लेते प्रदेश के नेताओं को अति आत्मविश्वास व गैर जरूरी बयानबाजी से बचने की नसीहत दी। कहा जाता है कि नेताओं से कहा गया कि चुनावों के मद्देनजर सोच समझकर, संभल कर बयान दें और अतिरिक्त बयानबाजी से बचें।



### हरियाणा में अति आत्मविश्वास पड़ा भारी

दरअसल, माना जा रहा है कि हरियाणा में पार्टी नेताओं का अति आत्मविश्वास व नेताओं की गैर जरूरी बयानबाजी ही पार्टी पर भारी पड़ी। वहीं इसमें सबको साथ लेकर चलने और कड़ी मेहनत करने की सलाह भी दी गई। बैठक में कहा गया कि किस तरह से आपसी गुटबाजी और बयानों के चलते लोगों के बीच बंटी हुई पार्टी का संदेश गया। जिसका खामियाजा उठाना पड़ा। वहीं कांग्रेस लीडरशिप ने आपसी एकजुटता को लेकर यहां तक कहा कि यह एकजुटता सिर्फ पार्टी स्तर पर ही नहीं, बल्कि गठबंधन के स्तर पर दिखानी होगी। गठबंधन की एकजुटता को का ख्याल हर नेता को रखना होगा। बैठक में इंडिया गठबंधन के चेहरे को लेकर कहा गया कि विपक्षी गठबंधन की ओर से कोई चेहरा नहीं होगा। महाविकास के चेहरे व बैनर के तले ही चुनाव लड़ा जाएगा और चुनाव के बाद सीएम चेहरा तय किया जाएगा। वहीं खरगे व राहुल ने अपने नेताओं से जमीनी हकीकत को सामने रखते हुए चुनाव लड़ने का संकेत दिया गया।

### सीटों के बंटवारे और चुनावी मुद्दों पर हुई चर्चा

वहीं बैठक में सीटों के बंटवारे से लेकर, चुनावी मुद्दे व मेनिफेस्टो तक पर चर्चा हुई। बैठक में इस पर सहमति बनी कि पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में स्थानीय मुद्दों को महत्व दिया जाएगा। जबकि अघाड़ी सीट बंटवारे में गठबंधन दल के धर्म का पालन करेंगी। बताया जाता है कि कानुगोलू ने राज्य में जाति और समुदाय के विभाजन के बारे में जानकारी दी। वहीं सहयोगियों के बीच घोषणा पत्र को लेकर मुंबई में बैठकें हो रही हैं। नेताओं ने इस पर भी चर्चा की कि बीजेपी कैसे जातियों और समुदायों के बीच विभाजन कर उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने और बागियों के माध्यम से एमवीए के खिलाफ एंटी-इंकम्बेंसी वोट को विभाजित करने की रणनीति अपना रही है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले का कहना था कि एमवीए मिलकर सभी 280 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इससे पहले एनसीपी-शरद चंद्र पवार की सभी सीटों पर एमवीए के मिलकर लड़ने की बात कर चुके हैं।

महाराष्ट्र चुनाव

## अजित पवार छोड़कर जाएंगे महायुति या दबाव बनाने की रणनीति?

### एनसीपी नेताओं के बयान कुछ और दे रहे इशारा



**मुंबई।** अजित पवार क्या देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे का साथ छोड़कर जाएंगे? या फिर दबाव बनाने की रणनीति है। बीते कुछ दिनों से उनके नेता लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे ये बात साफ-साफ लग रही है कि कुछ तो खिचड़ी पक रही है। एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी की हत्या पर एनसीपी के प्रवक्ता अमोल मिटकरी ने अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया था, तो अब एनसीपी के कई बड़े नेता शरद पवार की पार्टी में शामिल हो गए। आरोप लगाया कि 'वहां अजित पवार का अपमान हो रहा है। वे ऐसी पार्टी में नहीं रह सकते। ऐसे में सवाल उठ रहे कि क्या अजित पवार चुनाव से पहले कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। अजित पवार की पार्टी से फलटण के विधायक दीपक चव्हाण के साथ संजीवराजे नाइक निंबालकर और रघुनाथराजे निंबालकर सोमवार को शरद पवार की मौजूदगी में उनकी पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर दीपक चव्हाण ने अजित पवार से सीधा सवाल कयिा, महायुति में शामिल दलों ने हमेशा हमारे साथ अपमानपूर्ण व्यवहार किया है। न केवल विधायकों, बल्कि हमारी पार्टी का नेतृत्व कर रहे अजित पवार के साथ भी गलत व्यवहार किया जा रहा है।'

### इसलिए हमें जाना पड़ा

एनसीपी तोड़ने पर दीपक चव्हाण ने कहा, महायुति में जाने का हमारा कोई मतलब नहीं था। लेकिन नेता (अजित पवार) ने फैसला ले लिया था। इसलिए हमें जाना पड़ा। लेकिन सवाल ये है कि जहां हमारा सम्मान नहीं, वहां हम कतिने दनि तक रहेंगे। हमारा कोई भी काम घटक दल के मंत्रियों ने नहीं किया। अगर काम नहीं हुआ और सम्मान नहीं मिला तो सत्ता में रहने का क्या फायदा? संजीवराजे नाइक निंबालकर ने कहा, महायुति में तमाम गलत काम हो रहे हैं, लेकिन पता नहीं अजित दादा को अभी तक इसका अहसास क्यों नहीं हो रहा है।

### शिंदे ने उतारा पहला कैंडिडेट!

अजित पवार इस बात से साफ इनकार कर चुके हैं कि उनका महायुति छोड़कर कहीं और जाने का कोई इरादा है। लेकिन जसि तरह उनकी पार्टी के नेता छोड़कर जा रहे हैं, उससे उन पर दबाव बढ़ रहा है। इस बीच एकनाथ शिंदे की शविसेना ने सबको चौंकाते हुए अपना पहला उमीदवार घोषित कर दिया है, जबकि अभी सीटों का ऐलान होना बाकी है। शिंदे ने रामटेक से निर्दलीय विधायक आशीष जयसवाल को अपनी पार्टी में शामिल करते हुए कैंडिडेट बनाने का ऐलान कर दिया।

## एयरपोर्ट पर 5 किलो मारिजुआना ड्रग के साथ एक गिरफ्तार



दोपहर संवाददाता । मुंबई

सीमा शुल्क विभाग (कस्टम्स) विभाग की मुंबई टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 5 किलोग्राम मारिजुआना ड्रग जब्त किया है और इस मामले में बैंकाक से आए एक शख्स को गिरफ्तार किया है। बरामद ड्रग की अनुमानित कीमत 5.07 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह ड्रग भोजन के पैकेट में छिपाकर गिफ्ट पेपर में लपेट कर रखी गई थी। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कस्टम सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुंबई कस्टम की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही थी। रविवार को रात में बैंकाक से आए एक शख्स को शक होने पर रोका गया और उसके सामान की तलाशी ली गई। उस शख्स ने इस ड्रग को खाने के पैकेट और गिफ्ट रैपर में लिपटे बॉक्स में छुपाया था, जिसे जांच के बाद जब्त कर लिया गया। इसके बाद कस्टम की टीम ने उस शख्स को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

# दिवाली बोनस देने जा रही शिंदे सरकार

▶▶ **लाडली बहन योजना के तहत दिवाली बोनस 2024 की घोषणा**

▶▶ **3000 रुपए की चौथी और पांचवीं किस्त का होगा भुगतान**



दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने लाडली बहन योजना के तहत दिवाली बोनस 2024 की घोषणा की है। इस योजना के तहत, चयनित महिलाओं को 3000 रुपए की चौथी और पांचवीं किस्त का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जाएगा। यह भुगतान लाडली बहन योजना दिवाली बोनस 2024 कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। सभी पात्र महिलाओं को चौथी और पांचवीं दोनों किस्तों का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में मिलेगा। महाराष्ट्र सरकार द्वारा महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किए गए, इस विशेष कार्यक्रम को मुख्यमंत्री माझी लाडली बहन योजना के नाम से जाना जाता है। इस पहल के तहत, राज्य भर की महिलाओं को सरकार से वित्तीय सहायता मिलती है। महाराष्ट्र राज्य सरकार ने लाडली बहन योजना की अक्टूबर और नवंबर की किस्तें दिवाली बोनस के रूप में अग्रिम भुगतान करने की योजना बनाई है। महाराष्ट्र में रहने वाली 94,000 से अधिक महिला लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में अग्रिम योजना भुगतान प्राप्त हो चुका है। अधिकारियों ने महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दिवाली बोनस कार्यक्रम की शुरुआत की, ताकि वे वित्तीय बाधाओं की चिंता किए बिना दिवाली की खरीदारी कर सकें।

### लाडली बहन दिवाली बोनस के लिए कौन पात्र है?

दिवाली बोनस उन सभी पात्र महिलाओं के बैंक खातों में सीधे जमा किया जाएगा, जिन्होंने लाडली बहन योजना के लिए पंजीकरण कराया है और पिछली किस्तें प्राप्त की हैं। महाराष्ट्र की महिलाएं इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदक महाराष्ट्र राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। महिला आवेदक की आयु 21 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सभी विवाहित, अविवाहित, परित्यक्ता, तलाकशुदा और निराश्रित महिलाएं पात्र हैं। आवेदक का किसी भी बैंक में अपने नाम से बैंक खाता होना चाहिए। आवेदकों की पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। महाराष्ट्र सरकार ने लाडली बहना योजना के लिए आवेदन की समय सीमा 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। नतीजतन, जिन महिलाओं ने अभी तक इस योजना के लिए आवेदन नहीं किया है, वे अभी भी अपने आवेदन जमा कर सकती हैं।

## रामराजे नाइक निंबालकर के भाई और फलटण से विधायक ने राकांपा (एसपी) का दामन थामा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर सोमवार को सतारा जिले के फलटण में शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) में शामिल हो गए। संजीव राजे नाइक निंबालकर के साथ फलटण से राकांपा विधायक दीपक चव्हाण और उनके समर्थक भी शरद पवार की मौजूदगी में राकांपा (एसपी) में शामिल हुए।

**Change Of Name**

I have changed my name sahil Azad Jaiswal to sahil Azad Jaiswar as per Maharashtra government gazette no. (M-24226626) On dated oct 10-16, 2024.

**PUBLIC NOTICE**

**LATE MR. CHANDRASHEKAR SHRIPATRAO SHINDE** along with his mother **SMT. NIRMALA SHRIPATRAO SHINDE** was holder of Flat bearing No. **004,** on the **Ground** Floor, in **'C'** wing, admeasuring area about **440** Sq. Ft. [Built up Area] I. e. **40.89** Sq. Mt. (Built up Area), in the building known as **"JOYA CO-OP. HSG. SOC. LTD."** Constructed on land bearing Survey No. **58**, Hissa No. **1/1 (Part),** Situated at Village **Tulinj,** Nallasopara (East), Taluka: **Vasai,** District: **Palghar,** and whereas **LATE MR. CHANDRASHEKAR SHRIPATRAO SHINDE** has expired on **19/12/2001** leaving behind his mother **SMT. NIRMALA SHRIPATRAO SHINDE** as his only legal heirs of said Flat & shares of **LATE MR. CHANDRASHEKAR SHRIPATRAO SHINDE.**

The Notice is hereby given to invite claims or objections from any person, institution or any person claiming having any right in the said Flat and shares by way of Sale, transfer, Mortgage or by any other means shall inform the same within a period of 14 days from the publication of this notice at address mentioned below with copies of such documents and other proofs and support his/her/their claims/objections. If no claims/objections are received within the period prescribed above, my client will free to deal with the flat and shares from above said person No claim shall be entertained after 14 Days.

**Sanjay V. Singh**
**Advocate High Court**
Shop no 26, Sai Bazar, Near Tulinj
Police Station, Nalasopara East.401209
Mob No. 7219760700

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**(एसडब्ल्यूएम विभाग- ई.ई. परिवहन पूर्व.उप.)**

संख्या ई.ई./ट्र./ई.एस./8994/एस.डब्ल्यू.एम. दिनांक 14.10.2024.

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका पात्र निविदाकर्ताओं से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करता है **पूर्व इंजीनियर (परिवहन) ई.एस. के अधीन विभिन्न गैरेजों और प्रशासनिक कार्यालयों में डेस्कटॉप पीसी और बाह्य उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए.**

ई-निविदा महाटेंडर्स पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) पर उपलब्ध है। उपर्युक्त कार्यों के लिए इच्छुक आवेदक कार्यकारी अभियंता (परिवहन) ई.एस. से संपर्क कर सकते हैं। किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान निम्नलिखित पते पर

**कार्यालय कार्यकारी अभियंता (परिवहन) ई/एस,**
**पंतनगर गैराज बिल्डिंग, 1" मंजिल, पंतनगर,**
**घाटकोपर (ई), मुंबई-400 075**

बोली आरंभ तिथि और समय **15.10.2024** को सुबह **11.00** बजे के बाद है और बोली समाप्ति तिथि और समय **22.10.2024** को शाम **4.00** बजे तक है।

इच्छुक बोलीदाता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए टेंडर्स महाराष्ट्र पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) और साथ ही बीएमसी पोर्टल (https://portal.mcgm.gov.in) पर जा सकते हैं।

बोली दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किया जाएगा।

हस्ता./-
पीआरओ/1778/विज्ञा./2024-25 कार्यकारी अभियंता (ट्र.) ई/एस/

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

एईएम/ओडी/2339/दिनांक 14/10/2024

**कोटेशन नोटिस**

आर/साउथ वार्ड के सहायक मनपा आयुक्त आर/एस वार्ड में कांदिवली (पूर्व) में रखरखाव विभाग के नियमित कार्यों के लिए अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित करते हैं। कोटेशन सहायक मनपा आयुक्त आर/साउथ वार्ड को संबोधित किया जाएगा और उस पर 'आर/साउथ वार्ड में कांदिवली (पूर्व) में रखरखाव विभाग के नियमित कार्यों के लिए अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति' के रूप में कोटेशन लिखा जाएगा।

| अनु. क्र. | कार्य का नाम | बयाना राशि जमा (रु.) | जांच शुल्क (रु.) | फॉर्म की बिक्री शुरू | जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर/दक्षिण वार्ड में कांदिवली (पूर्व) में रखरखाव विभाग के रूटीन कार्यों के लिए अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति । | रु.7500 /- | 1320/- 18% जीएसटी (237.60/- - कुल 1557.60/- यानी 1558/- | 15.10.2024 को सुबह 11:00 बजे से 21.10.2024 को सुबह 10:00 बजे तक | 21.10.2024 सुबह 10:00 बजे तक |

नियम और शर्तों के साथ खाली कोटेशन फॉर्म, आवेदन फॉर्म 15.10.2024 को सुबह 11:00 बजे से 21.10.2024 को सुबह 10:00 बजे तक एच.सी. (एक्सप.) से उपरोक्त पते पर 1558/- रुपये (छुट्टियों को छोड़कर) का भुगतान करके खरीदा जा सकता है।

कोटेशन जमा (ई.एम.डी.) 7500 रुपये/ई.एम.डी. नकद/डिमांड ड्राफ्ट में जमा करने की तिथि से पहले उपर्युक्त पते पर भुगतान किया जाना चाहिए। ईएमडी जमा चेक के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ लाह से सील किया गया आवेदन पत्र 15.10.2024 @ 11:00 बजे से 21.10.2024 @ 10:00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा।

लाह से सील की गई निविदाएं 21.10.2024 को सुबह 10:00 बजे से पहले जमा की जानी चाहिए और 21.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे खोली जाएंगी।

सहायक आयुक्त आर/दक्षिण वार्ड बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को बदलने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/
पीआरओ/1791/विज्ञा./2024-25 सहायक आयुक्त आर/एस

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

चुनावी जंग से पहले जुबानी जंग

## सीएम शिंदे का उद्धव पर वार



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई। चुनाव आयोग द्वारा तारीखों का ऐलान कभी भी किया जा सकता है। मगर तारीखों के ऐलान से पहले ही जुबानी जंग शुरू हो गया है। शिवसेना VS शिवसेना के बीच सियासी पारा हाई है। महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि वो अपना आत्मविश्वास खो चुके हैं। महाराष्ट्र में चुनावी जंग से पहले जुबानी जंग शुरू हो गया है। महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि वो आत्मविश्वास खो चुके हैं, उनकी लड़ाई विपक्ष के नेता के लिए है। इतना ही नहीं शिंदे ने विधानसभा चुनाव को लेकर उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि वो दिल्ली की गली-गली में जाकर थक गए हैं। गली-गली में जाकर कर रहे हैं कि उन्हें बनाओ सीएम पद का चेहरा। मगर मैं उन्हें विपक्ष के नेता के रूप में उनको शुभकामनाएं देता हूं।

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**टेली.नं.-022-66405250, ई-मेल : eee. east1@gmail.com**

संदर्भ नं. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/60/2024-25

**ई-निविदा सूचना-60**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं.536,4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा किसी भी सरकारी/ अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिए बी 1 प्रपत्र (प्रतिशत) में 04 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल http:/mahatenders.gov. in पर उपलब्ध है और यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते है। निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 15/10/2024 को सुबह 10.00 बजे है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 22/10/2024 को शाम 6.15 बजे तक है। शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Follow us:@mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/1003

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

संपादकीय

# बांग्लादेश में असुरक्षा

हाल के दिनों में बांग्लादेश के हिंदू मंदिरों में हुए हमलों की भारत द्वारा कड़ी निंदा सरकार की किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति को ही दर्शाता है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दी गई। जिसमें तमाम स्थानों पर अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाने पर लिया गया। जिसके बाद नई दिल्ली ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है। यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर जारी है। इसमें धार्मिक स्थलों और पूजा पंडालों को अपवित्र करने, तोड़फोड़ और डकैती जैसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इस पर यूनुस की दलील रही है कि ये हमले राजनीति से प्रेरित हैं और इन्हें सांप्रदायिक नहीं कहा जा सकता। वहीं बार-बार धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के आश्वासन और समय-समय पर मंदिरों में जाने के बावजूद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत के एक व्यवस्थित पैटर्न को पनपने दिया जा रहा है। बीच-बीच में सरकारी नौकरियों व शिक्षकों की भूमिका निभा रहे अल्पसंख्यकों को जबरन इस्तीफा देने के लिये दबाव बनाने के आरोप भी लगते रहे हैं। यहां तक कि मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश यात्रा के दौरान दिए गए मुकुट के चोरी हो जाने का समाचार पिछले दिनों आया। निस्संदेह, अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह मुहिम गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से, यह भारत-बांग्लादेश के संबंधों के लिये परीक्षा का समय है। मुकदमा चलाने के लिये शेख हसीना को वापस भेजने की मांग पर नई दिल्ली की चुप्पी ने ढाका में हलचल बढ़ाई है। दरअसल, बदले हालात में वहां एक वर्ग का उदय हुआ है जो चाहता है कि बांग्लादेश अपने शक्तिशाली पड़ोसी से आंख में आंख डालकर बात करे। हालांकि, यह धारणा गलत व अव्यावहारिक है। फिर भी दोनों पक्षों को बढ़ते अविश्वास की खाई को पाटने में किसी भी देरी को टालना होगा। राजनयिक चैनलों को पूरी ताकत के साथ सक्रिय करने की जरूरत है। जिसके लिये जरूरत पड़ने पर सख्ती दिखाने की भी जरूरत होगी। ऐसे में पश्चिमी देशों के पोस्टर बॉय बने सत्ता की बागडोर संभालने वाले मोहम्मद यूनुस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर फिलहाल बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत के लिये भी एक सबक है। अपने देश में भी अल्पसंख्यकों के साथ किसी तरह का भेदभाव व दुराग्रह उतना ही अनुचित होगा, जैसा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किया जा रहा है। यह भेदभावपूर्ण व्यवहार व बेतुकापन खत्म होना चाहिए। यह भारत की वसुधैव कुटुम्बकम् की नीति के विरुद्ध होगा। दूसरे शब्दों में यह भारत और भारतीयता का अपमान भी होगा। हर देश में अल्पसंख्यकों के साथ सहिष्णुता का व्यवहार वक्त की पहली जरूरत है।

# देवता, दानव और कसौटी पर राजनीतिक दल

समस्त भारत में पिछले हफ्ते बुराई पर अच्छाई की जीत का मंचन चला। शुक्रवार को चंडीगढ़ में मेरे घर के पीछे, गढ़वाल की एक रामलीला मंडली ने लक्ष्मण द्वारा रावण के योद्धा-पुत्र मेघनाद का वध किए जाने वाले प्रसंग की नाट्य प्रस्तुति की, जैसा कि नवरात्रों के नौवें दिन किया जाता है। चमकते तारों की रोशनी तले और आइसक्रीम विक्रेता की आवाज़ के बीच, यह गाथा अनवरत अपने तार्किक निष्कर्ष की ओर बढ़ रही थी। रावण को बस अगले ही दिन यानी शनिवार को राम के अचूक बाण से मरना बाकी था। तथापि, जब आप रामलीला से घर लौट रहे होते हैं, तो इस तथ्य से बच नहीं सकते कि देवता भी समय आने पर सभी रणनीतिक उपायों को इस्तेमाल करते हैं– मसलन, प्रसिद्ध बंगाली कवि माइकल मधुसूदन दत्त के अनुसार, लक्ष्मण ने मेघनाद को एक मंदिर में घेर लिया, जहां वह निहत्था था और उसका वध किया। इस बीच, बंगाल में माहौल देवी मय रहा, मंजीरों की तेज आवाज़ से ताल बैठाता ढाक-वादकों का कर्णभेदक नाद और पुजारी के दीपक से उठते धुएं के साथ देवी दुर्गा दानव महिषासुर का वध करने के लिए पूरी तरह तत्पर थी। कोलकाता के एक पंडाल में बनाई एक आश्चर्यजनक झांकी में देवी को एक महिला डॉक्टर को अपनी बाहों में समेटे दिखाया गया, जो सफेद कोट पहने और स्टेथोस्कोप से लैस थी – यह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक युवा डॉक्टर की क्रूरतापूर्वक हत्या व दुराचार पर जारी विरोध का सीधा द्योतक था।

पिछले से पिछले सप्ताह, भारत के पुरुष और महिला रूपी देवों ने भी अपनी मानवी लड़ाइयां लड़ीं, जबकि हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के राजनेता एक-दूसरे की देखादेखी में वह सब करने में लगे थे, जिससे फायदा होने की उम्मीद हो – हरियाणा में भाजपा चकित कर देने वाली अपनी जीत का जश्न मना रही है, जबकि इंडिया गठबंधन जम्मू और कश्मीर में मिले जनादेश को लेकर गौरवान्वित हो रहा है। दोनों राज्यों में, मतदाता ने मनमानी करने वाली राजनीतिक ताकतों को दंडित किया है, जो मतदाता को गंभीरता से नहीं लेते।

दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी अभी भी इस तथ्य को मानने से इनकार कर रही है कि भाजपा ने हरियाणा में ईमानदार और स्पष्ट रूप से जीत अर्जित की है। भगवा पार्टी ने कड़ी मेहनत की, लीक से हटकर हर संभव प्रयास किया, हर तरीका बरता। आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर प्रचार करने के अलावा प्रत्येक सीट की माइक्रो मैनेजमेंट की, यह सुनिश्चित किया कि विपक्षी उम्मीदवारों के वोट में सेंध लगाने को प्रत्याशी खड़े किए जाएं या फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को पैरोल पर रिहा करवाने तक, ताकि



अंदरखाते दिए उसके संदेश का राज्य भर की लगभग 35 सीटों पर असर हो। ऐसा कुछ बचा नहीं,जो भाजपा ने छोटे से सूबे हरियाणा में करने की कोशिश न की हो।

भाजपा के पक्ष में जनादेश ने कांग्रेस पार्टी को सकते में डाल दिया है। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने दोष ईवीएम पर मढ़ने की कोशिश की, उनका कहना है कि भाजपा ने सोर्स कोड के साथ छेड़छाड़ की – यह एक ऐसा आरोप है, जोकि मतदाता के विवेक पर प्रश्नचिन्ह है (हालांकि बाद में इस आरोप को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है क्योंकि समझदार कांग्रेस नेता-नेत्रियों ने महसूस किया कि इससे लोकतांत्रिक जनादेश का कितना नुकसान हो सकता है)। बदतर है कि राहुल गांधी ने हार का ठीकरा क्षेत्रीय क्षत्रपों भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा के बीच अंदरूनी लड़ाई पर फोड़ कर मामला रफा-दफा करने कोशिश की है।

**ज्योति मल्होत्रा**

स्पष्टतः, इससे खराब शायद ही कुछ हो कि कोई नेता अपनी टीम की हार की जिम्मेवारी खुद पर लेने से इनकार करे- खासकर उस सूरत में, यदि राज्य में उनकी पार्टी जीत जाती तो सारा श्रेय उन्हीं को दिया जाता। एक जांच बैठा दी गई है, लेकिन लगता है कि राहुल खुद आगे बढ़ चुके हैं। इस एक इशारे में नैराश्य और अहंकार, दोनों नजर आते हैं। कुलीनता भरे अहसास का भाव होता है – आप मेरे प्रति जवाबदेह हैं, लेकिन यदि आप नहीं होते, तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

जम्मू-कश्मीर में भी ठीक यही हुआ। कांग्रेस ने इस प्रकार अधिकार जताने वाला व्यवहार किया कि जम्मू में सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार छांटने तक की परवाह नहीं की–'लोगों ने तो हमें वोट देनी ही है, क्योंकि वे भाजपा से बहुत त्रस्त हैं'- यह खामख्याली पाले रखी। निश्चित रूप से यह सत्य है कि पूरे एक महीने पहले, सितंबर के मध्य तक भी, अनेकानेक वजहों से भाजपा जम्मू से गंभीर रूप से मुश्किल स्थिति में थी,लेकिन यह श्रेय उसके स्थानीय नेतृत्व को जाता है कि इससे निकलने में कड़ी मेहनत की। आरएसएस-भाजपा ने महसूस किया कि वे जम्मू में खराब प्रदर्शन करना गवारा नहीं कर सकते, क्योंकि यह हिंदुत्व की वैचारिक नींव है। जब परिणाम आए, तो भाजपा ने 29 सीटें जीतीं,जो खुद उसकी अपनी अपेक्षाओं से काफी बेहतर रहा।

भाजपा की सत्ता की परंपरागत जाट प्रभुत्व वाली बिसात को उलटकर समीकरण पिछड़ी एवं दलित जातियों की ओर मोड़ने वाली रणनीति कारगर रही। हरियाणा में जीत हासिल करके भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के बढ़ते ग्राफ को रोक दिया है। इसने कांग्रेस के अति-आत्मविश्वासी, परस्पर उलझे क्षत्रपों को एक-दूसरे के खिलाफ खुलकर दोषारोपण करने को उकसाया है और इस प्रकार पार्टी की एकता कमजोर हुई है। इसने एक बार फिर दिखा दिया है कि राहुल गांधी भले ही एक सहज इंसान हों, लेकिन वे महाभारत की धरती को वास्तव में नहीं समझ सके। क्या इससे कोई फर्क पड़ता है? कि जिस प्रकार रावण एक घातक बाण से गिराया गया या महिषासुर का वध देवी दुर्गा ने किया, लगता है इस सवाल का सिर्फ एक ही जवाब है'हां'।

## जीवन मंत्र

# हवाएं सबसे बड़ी संदेश वाहक

> जब आदि शंकराचार्य मंडन मिश्र का घर ढूंढ़ते हुए पहुंचे थे। नगर में एक कुंए पर पानी पीने के लिए रुके, वहां कुछ स्त्रियां पानी भर रही थीं, उनसे शंकराचार्य ने पूछा, आचार्य मंडन मिश्र का घर कहां मिलेगा?

अमेजन का वितरण करने वाला लड़का सामान देने आया था। ये लोग हवा के झोंकों की तरह आते हैं और सामान देकर गायब हो जाते हैं। इनका एक खास व्यक्तित्व होता है। उनसे हम एक खास तरह के आचरण की अपेक्षा रखते हैं। लड़के ने मेरा पार्सल थमाया और मुस्कराकर बोला, 'नेवर बॉर्न नेवर डाइड।' मैं इतनी चौंक गई कि मेरे हाथ से पार्सल गिर गया। मैंने पूछा, 'तुम कैसे जानते हो इन शब्दों को?' उसने कहा, 'यहीं आसपास रहता हूं, तो बातें कानों से गुजरती हैं।'

चौंकने वाली बात इसलिए है, क्योंकि ओशो के बेडरूम में पलंग के नीचे उनकी अस्थियां रखी हुई हैं, उस पर ओशो के लिखवाए हुए ये शब्द हैं : 'ओशो नेवर बॉर्न नेवर डाइड, ओनली विजिटेड दिस प्लैनेट अर्थ बिटवीन 11 दिसंबर, 1931 ऐंड 19 जनवरी, 1990' यानी 'ओशो न कभी जन्मे, न कभी विदा हुए, केवल इस ग्रह (पृथ्वी) का 11 दिसंबर, 1931 से 19 जनवरी, 1990 के बीच दौरा किया।'

यह बेडरूम ओशो मेडिटेशन रिजॉर्ट के अंतर कक्ष में है। वहां सिर्फ साधक ही जा सकते हैं और उसके लिए उन्हें प्रवेश पास



खरीदना होता है। उसका उपयोग सिर्फ ध्यान के लिए होता है। और ये शब्द उन्हीं के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो ओशो के मुरीद हैं। फिर इस अमेजन के वायुदूत की जुबान पर कैसे चढ़ गए? शायद ये शब्द इतने मशहूर हो गए हैं कि सुगंध की तरह आसपास की हवा में तैर रहे हैं।

इससे मुझे वह कहानी याद आई, जब आदि शंकराचार्य मंडन मिश्र का घर ढूंढ़ते हुए पहुंचे थे। नगर में एक कुंए पर पानी पीने के लिए रुके, वहां कुछ स्त्रियां पानी भर रही थीं, उनसे शंकराचार्य ने पूछा, आचार्य मंडन मिश्र का घर कहां मिलेगा? स्त्रियां बोलीं, सीधे चलते जाओ, जिस घर के आसपास तोते ज्ञान की बातें कहते हुए मिलेंगे, वही मंडन मिश्र का घर होगा।

यह किसी और काल की बात है। आजकल जमाना प्रचार और विज्ञापन का है। लाखों करोड़ों खर्च करके कोई बात लोगों के गले उतारी जाती है, उसे बार-बार दोहराना पड़ता है, ताकि वे भूल न जाएं, लेकिन इसके बावजूद विज्ञापनदाता सफल नहीं हो पाते। इसके विपरीत कुछ खबरें, कुछ शब्द, कुछ कल्पनाएं दूर दिगंत तक पहुंच जाती हैं, मानो हवाएं उन्हें उड़ाकर ले जाती हैं।

समुद्र कब विज्ञापन करता है कि ओ नदियो, मेरे पास आओ, मैं समुद्र हूं, तुम्हारा अंतिम पड़ाव। समुद्र का होना ही काफी है। उसकी शक्ति इतनी प्रबल है कि सारे जल स्रोत चुंबक की तरह खींचे चले आते हैं। न फूल भौरों को कोई संदेश भेजते हैं कि देखो, हम खिल गए हैं। हवाएं उनकी सुगंध को फैला देती हैं। अस्तित्व एक इकाई है, यहां सब एक-दूसरे से जुड़ा है।

**-अमृत साधना**

## शख्सियत — देवी प्रसाद रॉय चौधरी

### भारतीय मूर्तिकार, चित्रकार और शिक्षक



देवी प्रसाद रॉय चौधरी एमबीई एक भारतीय मूर्तिकार, चित्रकार और शिक्षक थे। वे अपनी स्मारकीय कांस्य मूर्तियों, विशेष रूप से श्रम की विजय और शहीद स्मारक के लिए प्रसिद्ध हैं, और कई लोगों द्वारा उन्हें भारतीय आधुनिक कला के प्रमुख कलाकारों में से एक माना जाता है। उन्होंने जलरंग, अभिव्यक्तिवादी परिदृश्य और कमीशन किए गए चित्रों सहित कई माध्यमों में काम किया। बड़े पैमाने पर मूर्तियां उनकी विशेष ताकत थीं और उन्होंने सामाजिक यथार्थवाद को अपनी कला की आधारशिला बनाया। पेंटिंग और मूर्तिकला के अलावा, उन्होंने कुश्ती भी लड़ी, बांसुरी बजाई, शिकार किया और अपने खाली समय में लघु कथाएं लिखीं।

देवी प्रसाद रॉय चौधरी का जन्म 15 जून 1899 को ब्रिटिश भारत (वर्तमान में बांग्लादेश) के अविभाजित बंगाल के रंगपुर के तेजहट में हुआ था, और उन्होंने अपनी शैक्षणिक पढ़ाई घर से ही की थी। उन्होंने प्रसिद्ध बंगाली चित्रकार अबनिंद्रनाथ टैगोर के मार्गदर्शन में अपनी पहली पेंटिंग की शिक्षा ली। उन्होंने बोइस नामक एक इतालवी चित्रकार से पश्चिमी शैली में जीवन-चित्रण और चित्रांकन के बारे में भी शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने हिरण्मय रॉय चौधरी के मार्गदर्शन में मूर्तिकला का प्रशिक्षण लिया, जिन्होंने उन्हें अपने चित्रों को तराशने के बजाय निर्माण करना सिखाया।

उन्होंने 1929 से 1957 तक मद्रास स्कूल ऑफ आर्ट के प्रिंसिपल के रूप में कार्य किया और उस समय एक सरकारी शैक्षणिक संस्थान का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीयों में से एक बने।

कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 1958 में तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया। उन्हें 1962 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया। रॉय चौधरी का निधन 76 वर्ष की आयु में 15 अक्टूबर 1975 को मद्रास में हुआ।

1993 में कोलकाता में उनकी पहली एकल प्रदर्शनी हुई, जिसके बाद भारत में कई प्रदर्शनियां हुईं, जिनमें बिड़ला अकादमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर, कोलकाता; जहांगीर आर्ट गैलरी, मुंबई; नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, दिल्ली और ललित कला अकादमी, नई दिल्ली शामिल हैं।

## जीवन ऊर्जा

ए.पी.जे. अब्दुल कलाम : जन्म 15 अक्टूबर, 1931 — जन्म

# सूरज की तरह चमकना हैं, तो पहले सूरज की तरह जलें

> ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एक भारतीय एयरोस्पेस वैज्ञानिक और भारत के 11वें राष्ट्रपति थे। ''मिसाइल मैन'' के नाम से मशहूर, उन्होंने भारत के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभाई। एक प्रेरक नेता और लेखक, उन्होंने अपना जीवन शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को हुआ था और उनका निधन 27 जुलाई, 2015 को हुआ।

सपने, सपने, सपने। सपने विचारों में बदल जाते हैं और विचार कार्य में परिणत होते हैं। दृढ़ संकल्प वह शक्ति है जो हमें हमारी सभी निराशाओं और बाधाओं से बाहर निकालती है। यह हमारी इच्छाशक्ति को मजबूत करने में मदद करता है जो सफलता का आधार है। आप सूरज की तरह चमकना चाहते हैं, तो पहले सूरज की तरह जलें। अगर सफल होने का मेरा दृढ़ संकल्प काफी मजबूत है तो असफलता मुझे कभी नहीं पछाड़ सकती। सक्रिय रहें! जिम्मेदारी लें!

उन चीजों के लिए काम करें जिन पर आप विश्वास करते हैं। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आप अपना भाग्य दूसरों के हवाले कर रहे हैं। राष्ट्र के सबसे अच्छे दिमाग कक्षा की आखिरी बेंच पर मिल सकते हैं। जीवन एक कठिन खेल है।



आप इसे केवल एक व्यक्ति होने के अपने जन्मसिद्ध अधिकार को बनाए रखकर ही जीत सकते हैं। जब आप अपने ऊपर लाइट बल्ब को देखते हैं, तो आपको थॉमस अल्वा एडिसन की याद आती है। जब टेलीफोन की घंटी बजती है, तो आपको अलेक्जेंडर ग्राहम बेल की याद आती है। मैरी क्यूरी नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला थीं। जब आप नीला आकाश देखते हैं, तो आपको सर सी.वी. रमन की याद आती है। सपना वह नहीं है जो आप सोते समय देखते हैं, यह वह है जो आपको सोने नहीं देता। किसी को हराना बहुत आसान है, लेकिन किसी को जीतना बहुत मुश्किल है। अपनी पहली जीत के बाद आराम मत करो क्योंकि अगर तुम दूसरी बार असफल हो गए, तो और भी लोग यह कहने के लिए इंतजार कर रहे होंगे कि तुम्हारी पहली जीत सिर्फ़ किस्मत थी।

सोच ही पूंजी है, उद्यम ही रास्ता है, कड़ी मेहनत ही समाधान है। मनुष्य को जीवन में कठिनाइयों की ज़रूरत होती है क्योंकि सफलता का आनंद लेने के लिए वे ज़रूरी हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# ॐ नमः शिवाय, शिवलिंग का अर्थ क्या है?

**ॐ हौं जूं सः ॐ भुर्भवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ भुवः भूः स्वः ॐ सः जूं हौं ॐ।।**

**वायुपुराणः** ब्रह्मांड का प्रतीक ज्योतिर्लिंग शिवलिंग का आकार-प्रकार ब्रह्मांड में घूम रही हमारी जाती है। शिव की सबसे ज्यादा पूजा लिंग रूपी पत्थर के रूप में ही की जाती है। लिंग शब्द को लेकर बहुत भ्रम होता है। संस्कृत में लिंग का अर्थ है चिह्न। इसी अर्थ में यह शिवलिंग के लिए इस्तेमाल होता है। शिवलिंग का अर्थ है : शिव यानी परमपुरुष का प्रकृति के साथ समन्वित-चिह्न।

**अन्य रुद्र या शंकर के अंशावतार–**

इन अवतारों के अतिरिक्त शिव के दुर्वासा, हनुमान, महेश, वृषभ, पिप्पलाद, वैश्यानाथ, द्विजेश्वर, हंसरूप, अवधूतेश्वर, भिक्षुवर्य, सुरेश्वर, ब्रह्मचारी, सुनटनतर्क, द्विज, अश्वत्थामा, किरात और नतेश्वर आदि अवतारों का उल्लेख भी 'शिव पुराण' में हुआ है। हनुमान ग्यारहवें रुद्रावतार माने जाते हैं।

**भैरव :** भैरव भी कई हुए हैं जिसमें से काल





भैरव और बटुक भैरव दो प्रमुख हैं। माना जाता है कि महेष (नंदी) और महाकाल भगवान शंकर के द्वारपाल हैं। रुद्र देवता शिव की पंचायत के सदस्य हैं। वैदिक काल के रुद्र और उनके अन्य स्वरूप तथा जीवन दर्शन को पुराणों में विस्तार मिला।

**शिव के द्वारपालः–** नंदी, स्कंद, रिटी, वृषभ, भृंगी, गणेश, उमा-महेश्वर और महाकाल।

**शिव पंचायत के देवताः–** 1.सूर्य, 2.गणपति, 3.देवी, 4.रुद्र और 5.विष्णु ये शिव पंचायत कहलाते हैं।

**शिव पार्षदः–** जिस तरह जय और विजय विष्णु के पार्षद हैं उसी तरह बाण, रावण, चंड, नंदी, भृंगी आदि शिव के पार्षद हैं। यहां देखा गया है कि नंदी और भृंगी गण भी है, द्वारपाल भी है और पार्षद भी।

**शिव गणः–** भगवान शिव के गणों में भैरव को सबसे प्रमुख माना जाता है। उसके बाद नंदी का नंबर आता और फिर वीरभद्र। जहां भी शिव मंदिर स्थापित होता है, वहां रक्षक (कोतवाल) के रूप में भैरवजी की प्रतिमा भी स्थापित की जाती है। भैरव दो हैं- काल भैरव और बटुक भैरव। दूसरी ओर वीरभद्र शिव का एक बहादुर गण था जिसने शिव के आदेश पर दक्ष प्रजापति का सर धड़ से अलग कर दिया। देव संहिता और स्कंद पुराण के अनुसार शिव ने अपनी जटा से 'वीरभद्र' नामक गण उत्पन्न किया।

**इस तरह उनके ये प्रमुख गण थे–**

भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय और विजय। इसके अलावा, पिशाच, दैत्य और नाग-नागिन, पशुओं को भी शिव का गण माना जाता है। ये सभी गण धरती और ब्रह्मांड में विचरण करते रहते हैं और प्रत्येक मनुष्य, आत्मा आदि की खैर-खबर रखते हैं।

सप्तऋषि गण शिव के शिष्य हैं:

शिव ने अपने ज्ञान के विस्तार के लिए 7 ऋषियों को चुना और उनको योग के अलग-अलग पहलुओं का ज्ञान दिया, जो योग के 7 बुनियादी पहलू बन गए। वक्त के साथ इन 7 रूपों से सैकड़ों शाखाएं निकल आईं। अब यदि उक्त ऋषियों या उनके परंपरा के किसी महान ऋषि को हम शिव या उनका अवतार ही मानने लगे और उनका गुणगान करने लगे तो यह उचित नहीं होगा। इस तरह भ्रम का विस्तार ही होता है। अंगिरा ऋषि को शिव का सक्षात् रूप माना जाता है। उसी तरह हम यदि भैरव को भी शिव माने तो यह पुराणिक विस्तार ही है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# सफलता

एक बार एक प्रोफेसर अपने क्लास में गए और स्टूडेंट्स से कहा कि सब सरप्राइज टेस्ट के लिए तैयार हो जाएं। क्लास के सारे स्टूडेंट्स बहुत ही बेसब्री के साथ अपनी अपनी डेस्क पर बैठ गए और टेस्ट शुरू होने का इंतजार करने लगे। प्रोफेसर ने सभी स्टूडेंट्स के बीच पेपर बांट दिया। स्टूडेंट्स ने जब पेपर देखा तो सब हैरान थे। हैरान इसलिए थे क्योंकि पेपर के बीच में सिर्फ एक ब्लैक डॉट था। प्रोफेसर ने स्टूडेंट्स के हैरान परेशान चेहरों की तरफ नज़र दौड़ाई, फिर मुस्कुरा कर कहा, 'आपके लिए यही प्रश्न है, मैं चाहता हूं कि आपको पेपर में जो दिख रहा है उसी पर कुछ लिखिए।' स्टूडेंट्स कुछ समझ नहीं पा रहे थे, फिर भी उन्होंने अपने अपने हिसाब से उत्तर लिखना शुरू किया। प्रोफेसर ने सभी स्टूडेंट्स के पेपर्स कलेक्ट किए और बारी-बारी से उनके सामने ही पढ़ना शुरू किया। प्रोफेसर को किसी भी स्टूडेंट के उत्तर ने आश्चर्यचकित नहीं किया, क्योंकि सबने उम्मीद के मुताबिक सफेद कागज के बीच में बनाए गए ब्लैक डॉट को ध्यान में रखकर, उसी के इर्द गिर्द अपना उत्तर लिखा था। प्रोफेसर ने सभी स्टूडेंट्स के उत्तर पढ़ें, उसके बाद क्लास रूम में सन्नाटा पसर गया। इसके बाद प्रोफेसर ने बताया। मैं इसके आधार पर आपको लोगों को ग्रेड देने नहीं जा रहा...सिर्फ इतना बताना चाहता हूं कि आप लोगों में से किसी ने भी पेपर के सफेद हिस्से के बारे में कुछ नहीं लिखा। ब्लैक डॉट के बारे में सबने लिखा। ऐसा ही कुछ हम हमारे जीवन में भी करते हैं। सिर्फ जिंदगी के स्याह पक्ष पर ही ध्यान देते हैं...पैसों की कमीं, बीमारी, परिवार के सदस्यों, दोस्तों, गर्लफ्रेंड, ब्वॉयफ्रेंड। इंसान के जीवन में ये सभी परेशानियां उस सफेद कागज पर ब्लैक डॉट की तरह ही हैं...बहुत छोटी। फिर भी हमारे दिमाग को अस्थिर रखती हैं। जरूरत है कि हम अपने जीवन के स्याह पक्ष से अपनी नजरें हटाएं और उजले पक्ष पर ध्यान केंद्रीत करें। तभी जिंदगी में आगे बढ़ पाएंगे।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# द ग्रेट वुमन

नीलम रामअवध

इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

## मीरा नायर



फिल्म निर्माता और लेखिका

जन्म-15 अक्टूबर, 1957, राउरकेला

मीरा नायर एक प्रशंसित फिल्म निर्माता और लेखिका हैं, जो अपनी प्रभावशाली कहानी कहने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय और बाद में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, जहां उन्होंने अपने शिल्प को निखारा। नायर को अपनी पहली फीचर फिल्म, सलाम बॉम्बे! (1988) से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, जिसे अकादमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में मिसिसिपी मसाला३ (1991), द नेमसेक (2006), और क्वीन ऑफ़ कटवे (2016) शामिल हैं। नायर की फ़िल्में अक्सर पहचान, सांस्कृतिक विस्थापन और सामाजिक मुद्दों के विषयों का पता लगाती हैं, जो दृश्य कविता के साथ समृद्ध कथाओं को मिलाती हैं। उन्हें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन लायन सहित कई पुरस्कार मिले हैं। नायर मैशा फिल्म लैब की संस्थापक भी हैं, जो अफ्रीका और भारत में उभरते फिल्म निर्माताओं का समर्थन करती है।

## स्मिता पाटिल



अभिनेत्री

जन्म-17 अक्टूबर, 1955, पुणे
निधन- 13 दिसंबर, 1986

स्मिता पाटिल एक भारतीय अभिनेत्री थीं। उन्हें हिंदी और मराठी फिल्मों में उनके दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है। स्मिता ने अपना करियर 1970 के दशक में शुरू किया और भूमिका, मिर्च मसाला और चक्र जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जल्द ही मशहूर हो गईं। उन्होंने अक्सर मजबूत महिला किरदार निभाए और उनके अभिनय कौशल की प्रशंसा की गई। स्मिता ने अपने करियर के दौरान कई पुरस्कार प्राप्त किए, जिनमें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी शामिल है। दुख की बात है कि 13 दिसंबर, 1986 को 31 साल की कम उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उन्होंने भारतीय सिनेमा पर एक अमिट छाप छोड़ी। स्मिता पाटिल को एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा और अपने काम के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

## हेमा मालिनी



अभिनेत्री, नर्तकी और फिल्म निर्माताजन्म

16 अक्टूबर, 1948 को अम्मानकुडी, तमिलनाडु

हेमा मालिनी एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री, नर्तकी और फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने 1960 के दशक में अपना करियर शुरू किया और बॉलीवुड में एक प्रमुख स्टार बन गईं, जो अपनी सुंदरता और प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। उनकी कुछ लोकप्रिय फिल्मों में शोले३, चोर बाजारी और ३बागबान३ शामिल हैं। हेमा एक कुशल भरतनाट्यम नर्तकी भी हैं और अक्सर मंच पर प्रदर्शन करती हैं। अभिनय के अलावा, उन्होंने फिल्मों का निर्देशन किया है और टेलीविजन शो में दिखाई दी हैं। हेमा मालिनी सामाजिक कार्य और राजनीति में शामिल हैं और संसद सदस्य के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उन्हें अक्सर फिल्म उद्योग में उनकी प्रतिष्ठित भूमिकाओं और योगदान के लिए भारतीय सिनेमा की ड्रीम गर्ल कहा जाता है।

## सिमी ग्रेवाल



अभिनेत्री, टेलीविजन होस्ट और निर्माता

जन्म- 17 अक्टूबर 1947 को लाहौर, पाकिस्तान

सिमी ग्रेवाल एक भारतीय अभिनेत्री, टेलीविजन होस्ट और निर्माता हैं। उन्होंने 1960 के दशक में फिल्मों में अपना करियर शुरू किया और सिद्धार्थ और कर्ज जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी गईं। सिमी ने अपने लोकप्रिय टॉक शो, रेंडेज़वस विद सिमी ग्रेवाल३ से एक टेलीविजन होस्ट के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की, जहां उन्होंने भारत और विदेश की कई प्रसिद्ध हस्तियों का साक्षात्कार लिया। वह अपनी सुंदर शैली और विचारशील बातचीत के लिए जानी जाती हैं। अभिनय और होस्टिंग के अलावा, सिमी ने कई फिल्मों का निर्माण भी किया है। उन्हें भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में उनके योगदान के लिए जाना जाता है, और वह उद्योग में एक प्रभावशाली व्यक्ति बनी हुई हैं।

## नयना जेम्स



एथलीट

जन्म 18 अक्टूबर 1995, पेरम्बरा कोझिकोड, केरल

नयना जेम्स एक प्रतिभाशाली लॉन्ग जंपर हैं, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। नयना ने एशियाई खेलों सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में अपने प्रदर्शन के लिए पहचान बनाई। 2022 में, उन्होंने गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। नयना की लगन और कड़ी मेहनत ने उन्हें भारतीय एथलेटिक्स में होनहार एथलीटों में से एक बना दिया है। वह खेल के प्रति अपने जुनून और लॉन्ग जंप में अपनी उपलब्धियों से कई युवा एथलीटों को प्रेरित करती रहती हैं। नयना अपने कौशल को बेहतर बनाने और अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुँचने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण लेती हैं।

## मातंगिनी हाजरा



स्वतंत्रता सेनानी

जन्म- 19 अक्टूबर 1870, तामलुक, पश्चिम बंगाल

मातंगिनी हाजरा एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं। उन्हें ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपनी बहादुरी के लिए जाना जाता है। हाजरा असहयोग आंदोलन में शामिल हुईं और विभिन्न विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। वह प्रतिरोध का प्रतीक बन गईं, उन्होंने 1932 में मिदनापुर पुलिस स्टेशन तक मार्च का नेतृत्व किया, जिसमें ब्रिटिश उत्पीड़न को समाप्त करने की मांग की गई। कई बार गोली लगने के बावजूद, उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक ३वंदे मातरम३ का नारा लगाना जारी रखा। उनके साहस और दृढ़ संकल्प ने कई लोगों को प्रेरित किया और उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। मातंगिनी हाजरा को एक राष्ट्रीय नायक के रूप में याद किया जाता है।

# करवा चौथ पर घर के बने ब्लीच से पाएं निखार



इस बार महिलाओं का सबसे पसंदीदा त्योहार करवा चौथ 20 अक्टूबर को है और हर महिला इस खास दिन पर सबसे खूबसूरत दिखने का सपना देखती है। जब आप घर पर ही ब्लीच करके प्राकृतिक रूप से चमक सकती हैं तो केमिकल वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल क्यों करें? घर पर ही ये आसान उपाय आपके चेहरे को चमकदार बनाते हैं और आपकी त्वचा को मुलायम, स्वस्थ और खुशनुमा बनाए रखते हैं। घर पर बने फेस ब्लीच प्राकृतिक तत्वों से बनाए जाते हैं, जो त्वचा की जलन, एलर्जी और रूखेपन के जोखिम को कम करते हैं। वे धीरे-धीरे एक्सफोलिएट करते हैं, टैन हटाते हैं और समय के साथ असमान त्वचा टोन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नीचे कुछ प्रभावी रेसिपी और साथ ही सुरक्षित उपयोग के लिए सुझाव और सावधानियां बताई गई हैं।

## घर पर ही बनाएं फेस ब्लीच

### ◆ नींबू और शहद ब्लीच

यह नुस्खा तैलीय से लेकर मिश्रित त्वचा के लिए अच्छा काम करता है। नींबू त्वचा को हल्का करने में मदद करता है, जबकि शहद त्वचा को हाइड्रेट और मुलायम बनाता है।



**सामग्री:**

1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
1 बड़ा चम्मच शहद

**कैसे इस्तेमाल करें:**

दोनों सामग्रियों को मिलाकर चिकना पेस्ट बना लें।
इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं और 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।
गुनगुने पानी से धो लें और थपथपाकर सुखा लें।
नोट: अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो इसका इस्तेमाल न करें क्योंकि नींबू जलन पैदा कर सकता है।

### ◆ हल्दी और दही ब्लीच

सूखी या संवेदनशील त्वचा वालों के लिए एकदम सही, हल्दी त्वचा में सुनहरा निखार लाती है, जबकि दही त्वचा को चमकदार और नमीयुक्त बनाता है।



**सामग्री:**

1 बड़ा चम्मच सादा दही
1/4 चम्मच हल्दी पाउडर

**कैसे इस्तेमाल करें:**

हल्दी और दही को तब तक मिलाएं जब तक कि आपको एक चिकना पेस्ट न मिल जाए।
इसे अपने चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं।
इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से धो लें।
करवा चौथ से पहले 2-3 बार इसका इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा में चमक दिखे।

### ◆ टमाटर और ओटमील ब्लीच

यह नुस्खा टैन हटाने और त्वचा की रंगत को एक समान करने के लिए बहुत बढ़िया है। टमाटर में प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट होते हैं, और ओटमील एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

**सामग्री:**

1 बड़ा चम्मच टमाटर का रस
1 बड़ा चम्मच ओटमील पाउडर
1 चम्मच शहद



**कैसे उपयोग करें:**

सभी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं।
मिश्रण को अपने चेहरे पर 2-3 मिनट तक गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करें।
इसे धोने से पहले 15 मिनट तक लगा रहने दें।

### बेस्ट रिजल्ट के लिए टिप्स



**पैच टेस्ट:** अपने चेहरे पर कोई भी ब्लीच लगाने से पहले, एलर्जी की जांच के लिए पैच टेस्ट करें।

**रात में उपयोग करें:** धूप से बचने के लिए शाम को ब्लीच लगाएं, क्योंकि इससे जलन हो सकती है।

**अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करें:** ब्लीच को धोने के बाद, नमी को बरकरार रखने के लिए हाइड्रेटिंग मॉइस्चराइजर का उपयोग करें।

**सीमित उपयोग:** इन प्राकृतिक ब्लीच का उपयोग सप्ताह में अधिकतम 2-3 बार करें, क्योंकि अधिक ब्लीचिंग त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है।

### सावधानियां

- अगर आपकी त्वचा पर कट, चकत्ते या जलन है तो इन ब्लीच का इस्तेमाल करने से बचें।
- अगर आपको किसी भी घटक से एलर्जी है, तो उस नुस्खे को छोड़ दें।
- अपनी त्वचा को UV किरणों से बचाने के लिए हमेशा अगले दिन सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे।

**वृष:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन:** व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कर्क:** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

**सिंह:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**कन्या:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा।

**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें।

**वृश्चिक:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें।

**मकर:** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ:** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीन:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें।

# वैवाहिक जीवन में आने वाले सुख-दुख और समाधान



भाग 2

शुक्र शत्रुराशि में स्थित हो और सप्तमेश निर्बल हो, तो विवाह विलंब से होता है। शनि सूर्य या चंद्र से युत या दृष्ट हो, लग्न या सप्तम भाव में स्थित हो, सप्तमेश कमजोर हो, तो विवाह में बाधा आती है। शुक्र कर्क या सिंह राशि में स्थित होकर सूर्य और चंद्र के मध्य हो और शनि की दृष्टि शुक्र पर हो, तो विवाह नहीं होता है। शनि की सूर्य या चंद्र पर दृष्टि हो, शुक्र शनि की राशि या नक्षत्र में में हो और लग्नेश तथा सप्तमेश निर्बल हों, तो विवाह में बाधा निश्चित रूप से आती है। वैवाहिक जीवन में क्लेश सप्तम भाव, सप्तमेश और द्वितीय भाव पर क्रूर ग्रहों का प्रभाव वैवाहिक जीवन में क्लेश उत्पन्न करता है। लग्न, सप्तम भाव, सप्तमेश की कारक शुक्र, राहु, केतु या मंगल से दृष्टि या युति के फलस्वरूप दाम्पत्य जीवन में क्लेश पैदा होता है। यदि जातक व जातका का कुंडली मिलान (अष्टकूट) सही न हो, तो दाम्पत्य जीवन में वैचारिक मतभेद रहता है। यदि जातक व जातका की राशियों में षडाष्टक भकूट दोष हो, तो दोनों के जीवन में शत्रुता, विवाद, कलह अक्सर होते रहते हैं। यदि जातक व जातका के मध्य द्विर्द्वादश भकूट दोष हो, तो खर्चे व दोनों परिवारों में वैमनस्यता आती है जिसके फलस्वरूप दोनों के मध्य क्लेश रहता है। यदि पति-पत्नी के ग्रहों में मित्रता न हो, तो दोनों के बीच वैचारिक मतभेद रहता है। जैसे यदि ज्ञान, धर्म, रीति-रिवाज, परंपराओं, प्रतिष्ठा और स्वाभिमान के कारक गुरु तथा सौंदर्य, भौतिकता और ऐंद्रिय सुख के कारक शुक्र के जातक और जातका की मानसिकता, सोच और जीवन शैली बिल्कुल विपरीत होती है। पति-पत्नी के गुणों (अर्थात स्वभाव) में मिलान सही न होने पर आपसी तनाव की संभावना बनती है। अर्थात पति-पत्नी के मध्य अष्टकूट मिलान बहुत महत्वपूर्ण है, जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर लेना चाहिए। मंगल दोष भी पति-पत्नी के मध्य तनाव का कारक होता है। स्वभाव से गर्म व क्रूर मंगल यदि प्रथम (अपना), द्वितीय (कुटुंब, पत्नी या पति की आयु), चतुर्थ (सुख व मन), सप्तम (पति या पत्नी, जननेंद्रिय और दाम्पत्य), अष्टम (पति या पत्नी का परिवार और आयु) या द्वादश (शय्या सुख, भोगविलास, खर्च का भाव) भाव में स्थित हो या उस पर दृष्टि प्रभाव से क्रूरता या गर्म प्रभाव डाले, तो पति-पत्नी के मध्य मनमुटाव, क्लेश, तनाव आदि की स्थिति पैदा होती है।



प्रियंका जैन
9769994439

# बहराइच में बवाल: दंगा, तनातनी और आगजनी

**एजेंसी । बहराइच**

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल ने बड़ा रूप ले लिया है। रविवार रात शुरू हुआ बवाल सोमवार सुबह एक बार फिर से बहराइच में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिंसा बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में भी आगजनी हुई है। कई घर जलाए गए हैं। वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया है।



▶▶ कड़ी सुरक्षा में हिंसा में मारे गए युवक का अंतिम संस्कार संपन्न

▶▶ बहराइच में पुलिस फोर्स की भारी तैनाती

▶▶ दुर्गा विसर्जन के दौरान हुआ था हंगामा

## शोभायात्रा में बज रहे डीजे से हुआ हंगामा

बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया तो दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24) को घर के अंदर घसीट ले गए और गोली मार दी। उसे बचाने पहुंचे राजन (28) भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया। विसर्जन कमेटी के लोगों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर चहलारी घाट पुल के पास जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। बहराइच-लखनऊ हाईवे भी जाम कर दिया गया।

## बर्बरता के बाद मारी गोली, 12 अन्य घायल

लोगों ने आरोप लगाया कि भगदड़ के दौरान दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा को घसीट कर घर में ले गए। वहां उसकी बर्बरता के साथ पिटाई करते हुए पैर के नाखून उखाड़ लिए और उसे गोलियां मार दीं। गंभीर रूप से घायल राजन सहित 12 लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

## छतों से शुरू हुआ पथराव

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महसी तहसील की प्रतिमा शांति पूर्वक विसर्जन के लिए जा रही थी। महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर कस्बा निवासी सोनार अब्दुल हमीद अपने बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। प्रतिमा के साथ चल रहे लोगों ने जब इसका विरोध किया तो छतों से पथराव शुरू कर दिया गया। इसके बाद विसर्जन रोक समिति सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमीद व उसके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया।

## रामगोपाल की मौत के बाद और भड़का गुस्सा

रामगोपाल की मौत से लोगों का गुस्सा भड़क उठा। घटना के अगले दिन भी प्रदर्शन और हिंसक हो गया। बाइक के शोरूम में आग लगा दी गई। कारों को भी फूंका गया। लोग लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर उतर गए। उधर, परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार करते रहे। हालांकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया तो वो मान गए। परिजनों को कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## पुलिस पर गंभीर आरोप, एसओ रहे नदारद

महराजगंज की घटना के बाद सबसे ज्यादा आरोप पुलिस व प्रशासन पर लगे। घटना के बाद लोगों ने आरोप लगाया कि गाने को लेकर जब गाली गलौज की गई तो पुलिस व प्रशासन के लोग मूकदर्शक बने रहे। आरोप है कि मौके पर एसओ मौजूद भी नहीं रहे। आरोप है कि जब पथराव हुआ और लोगों ने प्रदर्शन किया तो पुलिस ने विसर्जन में शामिल लोगों पर ही लाठी चार्ज कर दिया, जिससे भगदड़ मच गई और दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल को उठा ले गए।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला आज, 260 पदों अभ्यर्थियों का होगा चयन

**गोरखपुर।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में 15 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इसमें करीब आधा दर्जन कंपनियों में 260 पदों पर चयन किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन रास बिहारी चतुर्वेदी ने बताया कि 18-45 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल से पीजी और टेक्निकल-नॉन टेक्निकल महिला व पुरुष अभ्यर्थी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

### कर्जमाफी की अफवाह पर गोरखनाथ मंदिर पहुंच गईं सैकड़ों महिलाएं

**गोरखपुर।** माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से 3 हजार रुपये की ऋणमाफी की अफवाह पर सोमवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंची महिलाओं के चलते काफी देर तक अफरातफरी मची रही। गोरखपुर-बस्ती मंडल के जिलों से सैकड़ों की संख्या में पहुंचीं महिलाएं गोरखनाथ मंदिर के सीएम कैंप कार्यालय तक जाने की जिद कर रही थीं। गोरखनाथ पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद महिलाओं को समझा-बुझाकर वापस किया। कर्जमाफी की अफवाह पर सोमवार को कैम्पियरगंज, भटहट, धानी, संतकबीर नगर, निचलौल और फरेंदा से भारी संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं दिन में 12 बजे गोरखनाथ मंदिर पहुंच गई। महिलाओं का कहना था कि उन्होंने माइक्रो फाइनेंस कंपनियों ने 500 से 3000 रुपये तक का कर्ज ले रखा है। रविवार को कुछ महिलाएं गोरखपुर आई थीं। उनका कर्ज माफ हो रहा है।

### भवनों के रंग में एकरूपता लाने में लापरवाही पर 500 लोगों को नोटिस

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के मद्देनजर शहर की प्रमुख सड़कों के किनारों के सभी भवन एक रंग में किए जाएंगे। निर्देश के बाद भी लापरवाही पर 500 से अधिक भवनस्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। पीडीए की ओर से उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-12के(1) के तहत शहर के 14 मार्गों के किनारों के भवनों के रंग में एकरूपता लाए जाने के संबंध में भवनों स्वामियों को चार अक्तूबर को निर्देश दिया गया था। पीडीए के विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने इसकी जांच कराई। जांच में एक भी मार्ग के किनारे के भवनों का रंग रोगन होते नहीं मिला। इस लापरवाही पर पीडीए ने भवनस्वामियों को नोटिस भेजा है। विशेष कार्याधिकारी ने बताया कि सभी भवनस्वामियों को 31 अक्तूबर तक भवनों का रंग रोगन करना है। इसके बाद लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**एजेंसी । रांची**

झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) की बैठक सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। कैबिनेट ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस वर्ष दिसंबर महीने से महिलाओं को बढ़ी हुई राशि उनके खाते में भेजी जाएगी।



### दिसंबर से खाते में आएंगे 2500 रुपए

हेमंत सोरेन कैबिनेट ने सोमवार को झारखंड की करीब 50 लाख महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। दिसंबर से इनके खाते में 2500 रुपए आएंगे। झारखंड कैबिनेट ने मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी है।

### ढाई गुनी बढ़ा दी मंईयां सम्मान योजना की राशि

झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सोरेन सरकार ने आधी आबादी को बड़ा तोहफा दिया है। मंईयां सम्मान योजना की राशि ढाई गुनी बढ़ा दी गयी है। झारखंड कैबिनेट ने इस पर मुहर भी लगा दी। 18 वर्ष से 49 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा मामले में ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड के बीच सुप्रीम कोर्ट ने मधु कोड़ा मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी को एक निर्देश दिया है। मधु कोड़ा के खिलाफ मुकदमे पर लगी रोक को हटवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची को शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट का रुख करने के लिए कहा है। मनी लाउंडरिंग केस की जांच करने वाली सेंट्रल एजेंसी ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट के 8 नवंबर, 2023 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने के विरुद्ध मधु कोड़ा की याचिका को स्वीकार करते हुए निचली अदालत में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ को बताया कि 77 गवाहों में से 25 से पूछताछ पूरी हो चुकी है। इस स्तर पर किसी मुकदमे पर झारखंड हाईकोर्ट रोक नहीं लगा सकता। इस पर पीठ ने ईडी के वकील एसवी राजू से कहा कि उन्हें जांच एजेंसी की शिकायतों को हाईकोर्ट के सामने उठाना चाहिए था, क्योंकि मामला अब भी वहां लंबित है।



## परैया SHO समेत 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**एजेंसी । गया**

27 सितंबर को गया-परैया मुख्य सड़क पर कोशडिहरा गांव में नरयरी टांड के पास सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत होने के बाद शव की पहचान करने में बरती गयी लापरवाही के आरोप में एसएसपी आशीष भारती की अनुशंसा पर पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) क्षत्रनील सिंह ने परैया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार को निलंबित कर दिया है। साथ ही एसएसपी ने परैया थाने में पोस्टेड सहायक अवर निरीक्षक-एएसआइ कृष्ण कुमार गुप्ता व स्थानीय चौकीदार श्याम सुंदर पासवान को निलंबित कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। परैया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करने को लेकर एसएसपी ने आइजी को अनुशंसा भेजी है। परैया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसएसपी ने बताया कि यह बेहद ही गंभीर मामला है। इस घटना की जांच की जिम्मेदारी टिकारी डीएसपी सुजीत कुमार पांडेय को सौंपी गयी थी। डीएसपी की जांच रिपोर्ट में परैया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, एएसआइ कृष्ण कुमार गुप्ता व चौकीदार श्यामसुंदर पासवान की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए घोर लापरवाही बरतने की पुष्टि की थी। डीएसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर परैया थानाध्यक्ष समेत तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इस दुर्घटना को लेकर परैया थाने में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 345/24 में त्वरित व प्रभारी अनुसंधान को लेकर टिकारी डीएसपी के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एसआइटी का गठन किया गया है।



## बुधवार से शुरू होगी तेजस्वी यादव के दूसरे चरण की यात्रा

**एजेंसी । बांका**

पूर्व उपमुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के दूसरे चरण के 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम' की तैयारी राजद ने जोर-शोर से शुरू कर दी है। नेता प्रतिपक्ष आगामी 16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक बिहार के जिलों में यात्रा करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर जिलों में तैयारी भी शुरू हो गयी है। तेजस्वी यादव इस यात्रा की शुरुआत बांका जिले से करने वाले हैं। इस यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक भी की है। खगड़िया में तेजस्वी यादव की यात्रा को लेकर आरजेडी नेताओं ने बैठक की। राजद वार्ड एवं बूथ कमेटी की बैठक कोठिया वार्ड संख्या 2 में रविवार को हुई। बैठक में पूर्व एमलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राजद नेता सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मंटू यादव ने किया। संचालन अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष रोहित कुमार ने किया। राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि आमलोगों में तेजस्वी प्रसाद यादव के प्रति विश्वास बढ़ा है।



## हादसे के बाद स्पेशल बागमती एक्सप्रेस यात्री को लेकर पहुंची दरभंगा

**एजेंसी । दरभंगा**

मैसुर से दरभंगा आने वाली वाली बागमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस शुक्रवार को तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के कवरापेट्टई रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमे कई लोगों को चोटे आई। लेकिन किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई। हादसे के बाद स्पेशल बागमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुरक्षित यात्री को लेकर सोमवार की अहले सुबह दरभंगा पहुंची। वही दरभंगा स्टेशन पर डरे सहमे यात्रिओं ने ट्रेन हादसे की पूरी कहानी सुनाई। तथा भगवान को जान बचाने के लिए सुक्रिया किया। यात्रियों ने कहा कि हादसे के बाद रेलवे, प्रशासन और स्थानीय लोगो की ओर से पूरी मदद मिली।

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स 592 अंक चढ़ा, निफ्टी 25 हजार के पार

**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को करीब 592 अंक की तेजी आई। एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ 25,000 अंक के पार निकल गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये चढ़कर 4,63,62,781.71 रुपये पर पहुंच गया। सेंसेक्स 591.69 अंकउछलकर 81,973.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.81 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 163.70 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,127.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 195.5 अंक तक चढ़ गया था।

### कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई



जानकारों ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है और ऐसा लगता है कि कंपनियों के हल्के तिमाही परिणामों को निवेशक पहले ही मानकर चल रहे हैं। इसके साथ भारतीय बाजार मजबूती दिखा रहा है। आईटी और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में निवेशकों की रुचि दिख रही है। इसका कारण हाल में इन शेयरों के भाव में आई कमी है। चूंकि एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) बाजार से पैसा निकाल रहे हैं, ऐसे में बाजार में इस तेजी से कोई मजबूत धारणा बनती संभवतः नहीं दिख रही है। इसका एक और कारण पश्चिम एशिया में जारी तनाव है, जिससे निवेशकों के बीच अनिश्चितता बढ़ी है।

## AI पर ज्यादा निर्भरता फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए खतरा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते रिस्क पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि AI पर जरूरत से ज्यादा डिपेंडेंसी फाइनेंशियल कमजोरियों को बढ़ा सकता है। सोमवार को नई दिल्ली में RBI की 90वीं एनिवर्सरी पर आयोजित 'सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स' टॉपिक पर आयोजित कार्यक्रम में दास ने दुनियाभर में बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जताई। दास ने कहा कि यह मॉनेटरी पॉलिसी और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने जियो-पॉलिटिकल टेंशन और क्लाइमेट रिस्क से शुरू हुईं चुनौतियों से निपटने के लिए इंटरनेशनल कॉपरेशन के लिए आग्रह किया। दास ने कहा, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) जैसी मॉडर्न टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट से फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के लिए बिजनेस और प्रॉफिट बढ़ाने के नए रास्ते खुले हैं। साथ हीं, इन टेक्नोलॉजीज से फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पर भी रिस्क बढ़ा है। ये रिस्क ऐसे समय में और बढ़ा जाता है जब इस मार्केट को कुछ कंपनियों का ही दबदबा है।'



## भारत हमेशा बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा : बिरला

### लोक सभा अध्यक्ष ने जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ की 149वीं एसेम्बली को संबोधित किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं एसेम्बली को संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से संसदें साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा संपूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी। जिनेवा में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग विषय पर सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान समय की कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्व की सभी संसदों को मिलकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना चाहिए ताकि इस प्रगति का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके।



## रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर

**एजेंसी । मुंबई**

मुंबई। मजबूत घरेलू शेयर बाजार के समर्थन से अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और कारोबार के अंत में चार पैसे की तेजी के साथ 84.06 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण रुपये पर दबाव पड़ा। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप और रिकॉर्ड उच्च भंडार के कारण रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.06 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 84.05 से लेकर 84.07 प्रति डॉलर के दायरे में रहने के बाद अंत में चार पैसे की तेजी के साथ 84.06 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।



## रियल एस्टेट क्षेत्र में 1.4 अरब डॉलर के 25 सौदे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जुलाई-सितंबर तिमाही में 1.4 अरब डॉलर के 25 सौदे हुए। इसमें सबसे ज्यादा सौदे डेवलपर द्वारा लाए गए पात्र संस्थागत नियोजन के जरिये हुए। परामर्श कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की सोमवार को जारी रिपोर्ट 'रियल एस्टेट/रीट डीलट्रैकर-प्रोवाइडिंग एमएंडए एंड पीई डील इनसाइट' के अनुसार, इस तिमाही में सौदों की संख्या मजबूत रही और कुल 25 सौदे हुए। इस तरह संख्या के मामले में सौदों की संख्या सबसे अधिक रही है। वहीं मूल्य के लिहाज से यह 2023 की दूसरी तिमाही के बाद सबसे ऊंचा आंकड़ा है।



## FY25 की दूसरी तिमाही में HCL-टेक का मुनाफा 11% बढ़ा

**एजेंसी । मुंबई**

आईटी कंपनी HCL टेक का जुलाई-सितंबर तिमाही में नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार (YoY) पर 11% बढ़कर 4,235 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल इसी तिमाही (Q2FY23) में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 3,832 करोड़ रुपए रहा था। वहीं पिछली तिमाही (Q1FY25) में यह 4,257 करोड़ रुपए रहा था। यानी तिमाही आधार (QoQ) पर कंपनी का नेट प्रॉफिट 0.51% घटा है। HCL ने सोमवार (14 अक्टूबर) को Q2FY25 यानी वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए।

### HCL टेक ने 12 रुपए का लाभांश देने का किया ऐलान



HCL टेक के बोर्ड ने शेयरधारकों को प्रति शेयर 12 रुपए के अंतरिम डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं।

### HCL टेक का रेवेन्यू 8.21% बढ़कर ₹28,862 करोड़ रहा

दूसरी तिमाही में HCL टेक का रेवेन्यू सालाना आधार पर 8.21% बढ़कर 28,862 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही में 26,672 करोड़ रुपए रहा था। वहीं पिछली तिमाही (Q1FY25) में कंपनी का रेवेन्यू 28,057 करोड़ रुपए था। यानी Q1FY25 की तुलना में Q2FY25 में कंपनी का रेवेन्यू 2.86% बढ़ा है।

### HCL टेक के शेयर ने एक साल में 46.78% का रिटर्न दिया

रिजल्ट से पहले HCL का शेयर 1.38% की तेजी के साथ 1,865 रुपए पर बंद हुआ। HCL टेक के शेयर ने पिछले 5 दिन में 6.34%, 1 महीने में 2.93%, 6 महीने में 23.92% और एक साल में 46.78% का रिटर्न दिया है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी के शेयर ने 25.70% का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसमें 381 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 5.02 लाख करोड़ रुपए है।

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

# भारत के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे ग्रीन

- पीठ का करवाएंगे ऑपरेशन
- 06 महीने तक भी बाहर रह सकते हैं सर्जरी कराने के बाद कैमरन ग्रीन
- 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा पांच टेस्ट की सीरीज का पहला मैच

**एजेंसी । मेलबर्न**

ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। वह पीठ का ऑपरेशन करवाएंगे जिससे उबरने में उन्हें छह महीने का समय लग जाएगा। पिछले महीने ब्रिटेन दौरे में उन्हें इसका पता चला था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। 25 वर्षीय ग्रीन का छह महीने तक बाहर रहने का मतलब है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं, फरवरी में श्रीलंका के दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना भी संदिग्ध है। जसप्रीत बुमराह, जेम्स पैटिंसन, जेसन बेहरेनडॉर्फ और बेन ड्वारशुइस जैसे तेज गेंदबाज भी ऐसा ऑपरेशन करवा चुके हैं और ग्रीन ने भी यही विकल्प चुना। ग्रीन के बाहर होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना होगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के इस साल के शुरू में संन्यास लेने के बाद ग्रीन की वापसी हुई थी।



#### चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

इस बीच अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का चौथे नंबर पर उतरना तय लग रहा है। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को कहा, पैट कमिंस, एंड्रयू मैक्डोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है। स्टीव ने पारी की शुरुआत की बजाय नीचे उतरने की इच्छा जताई है। बेली ने हालांकि यह नहीं बताया कि वह किस नंबर पर उतरेंगे लेकिन उनका ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनकी जगह चौथे नंबर पर उतरने वाले कैमरन ग्रीन कमर की सर्जरी के कारण छह महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इसके मायने हैं कि ऑस्ट्रेलिया को सलामी बल्लेबाज तलाशना होगा। चयनकर्ताओं की नजरें भारत ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ए के प्रदर्शन पर होंगी।

### टी 20 इमर्जिंग टीम

# एशिया कप में तिलक वर्मा को मिली भारत ए की कमान



**एजेंसी । नई दिल्ली**

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा 18 से 27 अक्तूबर तक ओमान में होने वाले टी-20 इमर्जिंग टीमों के एशिया कप में भारत ए के कप्तान जबकि अभिषेक शर्मा उपकप्तान होंगे। 21 वर्ष के वर्मा के पास चार वनडे और 16 टी-20 मैचों का अनुभव है जबकि शर्मा आठ टी-20 मैच खेल चुके हैं। टीम में लेग स्पिनर राहुल चाहर भी हैं।

#### भारत ए टीम

तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, निशांत सिंधू, रमनदीप सिंह, नेहाल वढेरा, आयुष बडोनी, अनुज रावत, साइ किशोर, रितिक शोकीन, राहुल चाहर, वैभव अरोड़ा, अंशुल कंबोज, आकिब खान, रसिख सलाम।

#### आईपीएल के सितारे भी शामिल

भारत ए टीम में आईपीएल के कई सितारे हैं। इनमें पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अनुज रावत, लखनऊ सुपर जाइंट्स के आयुष बडोनी और कोलकाता नाइट राइडर्स के रमनदीप सिंह शामिल हैं। गेंदबाजी में वैभव अरोड़ा (केकेआर), आर साइ किशोर (गुजरात टाइटंस), रितिक शोकीन (मुंबई इंडियंस) और रसिख सलाम (दिल्ली कैपिटल्स) नजर आएंगे। भारत ए को ग्रुप बी में रखा गया है। उसे 19 अक्तूबर को पाकिस्तान से पहला मैच खेलना है। ग्रुप की दो अन्य टीमें ओमान और यूएई हैं। ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका की ए टीमें हैं। टूर्नामेंट पहली बार टी-20 प्रारूप में खेला जा रहा है जबकि अब तक 50 ओवरों का ही होता था।

### न्यूज ब्रीफ

#### दिल्ली ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ तीन अंक लिए



**रायपुर।** दिल्ली ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ तीन अंक लिए रायपुर। नवदीप सैनी के तीन विकेट की मदद से दिल्ली ने सत्र के पहले मैच में छत्तीसगढ के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिए। पहली पारी में छत्तीसगढ़ के 243 रन के जवाब में दिल्ली ने अनुभवी जोंटी सिद्धू के दूसरे प्रथम श्रेणी शतक से पहली पारी में 357 रन बनाए थे। छत्तीसगढ ने दूसरी पारी में बिना नुकसान 33 रन से आगे खेलते हुए 60 ओवरों में छह विकेट पर 179 रन बनाए जब दोनों कप्तानों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। सैनी ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। आयुष पांडे (33) और एकनाथ केरकर (13) जल्दी आउट हो गए। कप्तान खारी और अजय मंडल ने 17.4 ओवर में 38 रन ही जोड़े लेकिन इतने ओवर खेल लिए कि मैच ड्रॉ हो सके।

#### तमिलनाडु की सौराष्ट्र पर पारी से जीत

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को एक पारी और 70 रन से हराकर सात अंक हासिल किए। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 203 रन जबकि तमिलनाडु ने 367 रन बनाए। जवाब में सौराष्ट्र की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। तमिलनाडु के लिए गुरजपनीत सिंह ने 22 रन देकर छह विकेट लिए।



# पाकिस्तान के खिलाफ कमिंस कंगारू कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज में फिर टीम की अगुआई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जब कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क को भी 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 सीरीज में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को फिर मौका दिया गया है। पहला मैच 4 नवंबर को मेलबर्न में, दूसरा 8 को एडिलेड ओवल तथा तीसरा और अंतिम मैच 10 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा।

टीम : पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा।

### डेनमार्क ओपन

# सिंधु, सेन के सामने फॉर्म हासिल करने की चुनौती

**एजेंसी । ओडेन्से (डेनमार्क)**

बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु और लक्ष्य सेन सहित कई भारतीय शटलर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में दावा पेश करने उतरेंगे। सिंधु और सेन के सामने आठ लाख 50 हजार डॉलर इनामी राशि के इस टूर्नामेंट में लय हासिल करने की मुश्किल चुनौती होगी।



#### खराब फॉर्म से जूझ रहे

दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन खराब रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पहले ही दौर में जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य विजेता सेन दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। सेन का सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा। दोनों पहली बार आमने-सामने होंगे। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और फिर विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से भिड़ सकते हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में पहले दौर में चीनी ताइपे की पेइ यू पो से खेलेंगी।

#### पुरुष युगल में कोई नहीं

पुरुष युगल में भारत की कोई टीम नहीं है जबकि महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी खेलेगी। दोनों का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया की पीयर्ली तान और टी मुरलीधरन की जोड़ी से होगा। स्वेतपर्णा और रितुपर्णा पांडा का सामना चीनी ताइपै की चांग चिंग हुइ और यांग चिंग तुंग से होगा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और सिकी रेड्डी का सामना कनाडा के केविन ली और एलियाना झांग से जबकि सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ का सामना इंडोनेशिया के रेहान के और लीसा कुसुमवती से होगा।

# कृति सैनन-काजोल की 'दो पत्ती' का ट्रेलर जारी



**लोकेश चंद्रा**

कृति सैनन जल्द ही फिल्म 'दो पत्ती' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री काजोल भी दिखाई देंगी। 'दिलवाले' (2015) के बाद यह काजोल और कृति के बीच दूसरा सहयोग है। शाहीर शेख भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'दो पत्ती' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में कृति पहली बार डबल रोल में नजर आने वाली हैं। ट्रेलर में काजोल सच और सबूत के बीच एक असामान्य मामले को सुलझाती हुईं नजर आ रही हैं। वह पुलिस अधिकारी की भूमिका में खूब जंच रही हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। इसके निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। 'दो पत्ती' कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है।

# 'सिटाडेल हनी बनी' का पहला पोस्टर जारी

अमेरिकी ड्रामा वेब सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय संस्करण का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। मूल सीरीज में प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं, वहीं इसके भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल हनी बनी' के लिए वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु को मुख्य भूमिकाओं के लिए चुना गया है। अब निर्माताओं ने 'सिटाडेल हनी बनी' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें वरुण और सामंथा का धांसू अवतार दिख रहा है। दोनों हाथों में बंदूक थामे नजर आ रहे हैं। 'सिटाडेल हनी बनी' का ट्रेलर 15 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के निर्देशक की कमान राज और डीके ने संभाली है।




# 'धड़क 2' को मिली नई रिलीज तारीख

करण जौहर ने इस साल के मध्य में 2018 में आई फिल्म 'धड़क' के सीक्वल का ऐलान किया था। इस फिल्म में पहली बार तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी नजर आएगी। यह फिल्म 22 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज आगे खिसक गई है। दरअसल, फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग होना अभी बाकी है, जिसमें कुछ गाने भी शामिल हैं। अब 'धड़क 2' को नई रिलीज तारीख मिल गई है।

एक सूत्र ने बताया कि 'धड़क 2' अब 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। अगर 'धड़क 2' अगले साल 21 फरवरी को रिलीज होती है तो यह तृप्ति के प्रशंसकों के लिए किसी उपहार से कम नहीं होगा। दरअसल, अभिनेत्री 23 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाती हैं। बॉक्स ऑफिस पर 'धड़क 2' का सामना अजय देवगन और वाणी कपूर की 'रेड 2' से होगा।

करण ने 2018 में 'धड़क' का निर्माण किया था। इस फिल्म से जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया था। 'धड़क' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया था। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 110.11 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।



# फिल्म 'पूजा मेरी जान' की रिलीज आगे खिसकी




मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में हुमा कुरैशी और विजय राज भी नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान नवजोत गुलाटी ने संभाली है, वहीं दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब आपको फिल्म को देखने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। दरअसल, निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख को आगे खिसका दिया है। 'पूजा मेरी जानी' नवंबर, 2024 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में आएगी। निर्माताओं ने यह फैसला 'छावा' की वजह से लिया है, जो 6 दिसंबर, 2024 को रिलीज होने वाली है। दरअसल, विक्की कौशल की फिल्म की निर्माण भी विजान कर रहे हैं। विजान दोनों फिल्मों पर एक साथ ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

# सिद्धार्थ-जाह्नवी की फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' की अपार सफलता के बाद अब जाने-माने निर्माता दिनेश विजान एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिस पर काम शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से खबर आ रही हैं कि इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी नजर आ सकती है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब सिद्धार्थ और जाह्नवी की आगामी फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धार्थ और जाह्नवी की आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का नाम 'परम सुंदरी' रखा गया है। फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है और यह फिल्म अगले साल के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। 'परम सुंदरी' के निर्देशन की कमान अभिषेक बच्चन की फिल्म 'दसवीं' के निर्देशक तुषार जलोटा ने संभाली है। सिद्धार्थ को पिछली बार फिल्म 'योद्धा' में देखा गया था। फिलहाल उनकी आगामी फिल्मों की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उधर, जाह्नवी को इन दिनों फिल्म 'देवरा' में देखा जा रहा है, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। इसके अलावा जाह्नवी जल्द ही 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनकी जोड़ी वरुण धवन के साथ बनी है। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

न्यूज़ ब्रीफ

## तीन अंतरराष्ट्रीय विमानों और ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई/नई दिल्ली।** मुंबई से विदेश जाने वाले तीन विमानों और वहां से हावड़ा जा रही ट्रेन को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके मद्देनजर तीन विमानों और ट्रेन की जांच की गई, पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 119 को बम की सूचना पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमान में सवार सभी 258 यात्रियों और चालक दल को उतारा गया और सभी को सुरक्षा प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। विमान की भी गहन जांच की गई। इसके बाद यात्रियों को विभिन्न होटलों में ठहराया गया। एयरलाइन ने कहा कि उड़ान को पुनर्निर्धारित किया गया है और अब यह मंगलवार सुबह दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगी। एक अधिकारी ने बताया कि एक्स पर पोस्ट कर विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। वहीं, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने स्थिति का जायजा लेने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे का दौरा किया। इसी तरह सोमवार तड़के इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाले दो विमानों को उड़ान से पहले धमकी मिली। दोनों की मुंबई पुलिस ने एयरपोर्ट पर जांच की। इस कारण दोनों विमानों के अलावा इंडिगो के कुछ अन्य विमानों के संचालन में घंटों की देरी हुई।

## 15 अक्टूबर को सैनी सरकार का होगा शपथ ग्रहण, पीएम होंगे शामिल

**चंडीगढ़।** पार्षद सरिता फोगाट ने भाजपा छोड़ फिर की AAP में वापसी नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता मनीष सिसोदिया ने दावा किया है कि मालवीय नगर वार्ड नंबर 150, ग्रीन पार्क से पार्षद सरिता फोगाट ने भाजपा छोड़कर वापस आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। सिसोदिया ने कहा कि सरिता फोगाट पार्टी की स्थापना के समय से AAP की कर्मठ कार्यकर्ता रही हैं। उन्होंने एकबार फिर अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने के संकल्प के साथ काम करना शुरू कर दिया है। बता दें कि पिछले महीने 25 सितंबर को आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर BJP प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में पार्षदों ने मिस कॉल देकर भाजपा की सदस्यता ली थी। इन पार्षदों में AAP की पार्षद प्रीति (वार्ड दिलशाद कॉलोनी), सरिता फोगाट (वार्ड ग्रीन पार्क) और प्रवीण कुमार (वार्ड मदनपुर खादर ईस्ट) शामिल थे।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी की इस्तीफे की पेशकश

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार के बाद कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने पद से इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी इस मुद्दे पर बात की है। बाबरिया ने पार्टी से अनुरोध किया है कि वह किसी दूसरे नेता को हरियाणा प्रदेश का प्रभारी नियुक्त कर दे क्योंकि, उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है। बाबरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने दिल्ली के प्रभारी से पद से भी इस्तीफे की पेशकश की थी, पर तब कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसी तरह हरियाणा में भी अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हार के बाद अपने पद से त्यागपत्र की पेशकश करना उनकी जिम्मेदारी थी।

# देश के 5 राज्यों में धार्मिक विवाद

## हैदराबाद में मंदिर में तोड़फोड़, बंगाल में दुर्गा मूर्ति जलाई ● कर्नाटक में दो समूहों के बीच झड़प

**एजेंसी । हैदराबाद/हावड़ा/बहराइच/बेलगावी**

देश के 5 राज्यों तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, यूपी और झारखंड में धार्मिक विवाद हुआ है। तेलंगाना में हैदराबाद के मुथ्यलम्मा मंदिर में सोमवार सुबह देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। यहां सुबह विरोध प्रदर्शन हुए। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी भी मंदिर पहुंचे। उधर पश्चिम बंगाल में रविवार रात एक विशेष समुदाय के लोगों ने हावड़ा जिले के श्यामपुर इलाके में दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़ की। बीजेपी का दावा है कि, अराजक तत्वों ने दुर्गा मां की मूर्ति में भी आग लगाई। कर्नाटक के बेलगावी जिले के सोलापुर गांव में रविवार रात दुर्गा देवी की मूर्ति के अपमान के बाद दो समूहों के बीच झड़प हो गई। तीन लोग घायल हुए। दो बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। यूपी के बहराइच में दुर्गा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। झारखंड के गढ़वा में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस ने विवादित रास्ते को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया था।





### 2. प. बंगाल घटनास्थल : हावड़ा जिले में श्यामपुर का दुर्गा पंडाल

**क्या हुआ :** विशेष समुदाय के लोगों ने पंडाल तोड़ दिया, देवी की मूर्ति में आग लगा दी

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सोमवार रात श्यामपुर में उपद्रवियों के एक समूह ने दुर्गा पूजा पंडालों में तोड़फोड़ की। उन्होंने श्यामपुर बाजार व्यवसायी समिति पूजा पंडाल में मूर्तियों को आग लगा दी और अन्य पंडालों में भी तोड़फोड़ की। उनमें से कुछ ने विसर्जन घाट पर पत्थरबाजी भी की। हावड़ा ग्रामीण पुलिस जिले के श्यामपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले इलाके में स्थिति बहुत तनावपूर्ण है।

### 1. तेलंगाना घटनास्थल: हैदराबाद का मुथ्यलम्मा मंदिर

**क्या हुआ :** मंदिर में घुसा युवक, देवी मां की मूर्ति तोड़ी, लोगों ने पकड़ा

हैदराबाद में पासपोर्ट कार्यालय के पास कुर्मागुडा में मुथ्यलम्मा मंदिर में देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। इसके बाद सुबह से ही विरोध प्रदर्शन जारी है। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी भी मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा- आज (14 अक्टूबर) सुबह करीब 4 बजे मुस्लिम समुदाय का एक व्यक्ति मंदिर में घुस गया और माता की मूर्ति तोड़ दी। यह शर्मनाक है। कुछ लोगों ने उसे देखा, पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। किशन रेड्डी ने आगे कहा-



हैदराबाद में अलग-अलग जगहों पर ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, कुछ लोग हैदराबाद में तनाव पैदा करने और सांप्रदायिक दंगे बढ़ाने के लिए जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं।

### हैदराबाद में दो दिन में दूसरी घटना, 12 अक्टूबर को दुर्गा पंडाल में भी तोड़फोड़

हैदराबाद में मंदिर-पंडालों में तोड़फोड़ की यह दो दिन में दूसरी घटना है। इससे पहले 12 अक्टूबर को नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में एक पूजा पंडाल में देवी दुर्गा की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया था। पुलिस ले एक आरोपी को पकड़ा था। सेंट्रल जोन के DCP अक्षेश यादव ने बताया था कि वह व्यक्ति आवारा था और उसे भूख लग रही थी और भोजन की तलाश में उसने प्रसाद को हिला दिया जिससे मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, भाजपा नेताओं ने इसे साजिश बताया था।

### 3. कर्नाटक

**घटनास्थल: बेलगावी जिले का सोलापुर गांव**

**क्या हुआ : दुर्गा देवी की मूर्ति के अपमान का आरोप**

कर्नाटक के बेलगावी जिले के सोलापुर गांव में 13 अक्टूबर की रात दुर्गा देवी की मूर्ति के अपमान के बाद दो समूहों के बीच झड़प हो गई। तीन लोग घायल हुए। दो बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस बीच, भीड़ को अलग करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यहां एक दिन पहले महासी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भी झड़प हुई थी। पुलिस के अनुसार महासी के महाराजगंज इलाके में हुई घटना के सिलसिले में 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### 4. उत्तर प्रदेश घटनास्थल: बहराइच का हरदी इलाका

**क्या हुआ :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो गुटों में विवाद

13 अक्टूबर को यूपी के बहराइच में हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दूसरे समुदाय से विवाद हो गया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। इसमें 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद सुबह शव घर पहुंचा तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने शव को लेकर करीब 5 किमी तक यात्रा निकाली। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव को घर ले गया, लेकिन लोग वहां से नहीं हटे। भीड़ ने आगजनी शुरू कर दी।







### 5. झारखंड घटनास्थल : गढ़वा जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसा

**क्या हुआ :** ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प

झारखंड के गढ़वा में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस ने विवादित रास्ते को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया था, लेकिन ग्रामीण प्रतिमा को उसी रास्ते से ले जाने के लिए अड़े थे। ग्रामीण बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच पुलिस-ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

# तीन दशकों के बाद लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे ड्रोन

## एक ड्रोन की कीमत है करीब 800 करोड़ रुपए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

युद्ध और विशेष ऑपरेशन के दौरान मानव रहित विमानों की उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। भारत भी ऐसे एमक्यू9बी ड्रोन खरीद रहा है, जो मिसाइल और बमों से हमला करने में सक्षम हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले वक्त में वायुसेना को परंपरागत लड़ाकू विमानों की जरूरत नहीं रहेगी। पायलट वाले लड़ाकू विमानों की जगह मानव रहित विमान ले लेंगे हालांकि, इसमें करीब तीन दशक का वक्त लगेगा। वायुसेना के अनुसार यह अभी दूर की बात है। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह के अनुसार अगले तीन दशक तक परंपरागत लड़ाकू विमानों पर ही निर्भरता बनी रहेगी। उसके बाद ही स्थितियां बदल सकती हैं।



### भारत में ही ड्रोन निर्माण की रणनीति

दुनिया भर में हमला करने वाले मानव रहित विमानों और ड्रोन पर नए प्रयोग हो रहे हैं। इनमें भारत में भी ऐसे प्रयास किए गए हैं। भारत की रणनीति है कि तकनीक हस्तांतरण के जरिये एमक्यू9बी प्रीडेटर ड्रोन का निर्माण भारत में ही किया जाए। इससे भारतीय सेनाओं की भावी जरूरतों को पूरा करने के अलावा इनका निर्यात भी होगा।

### ड्रोन की तकनीक किफायती



परंपरागत लड़ाकू विमानों की तुलना में ड्रोन की तकनीक बेहद किफायती है। भारत जो ड्रोन अमेरिका से खरीद रहा है, उसमें प्रति ड्रोन की कीमत करीब 800 करोड़ रुपए के करीब है। वहीं, एक राफेल विमान की कीमत करीब 1800 करोड़ रुपए के करीब है। इसके अलावा लड़ाकू विमानों के रखरखाव और संचालन का खर्च भी मानव रहित विमान की तुलना में कहीं ज्यादा होता है। रक्षा सूत्रों के अनुसार आने वाले समय में धीरे-धीरे ड्रोन का उपयोग बढ़ेगा। इसमें काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि इस तकनीक में आगे और क्या सुधार होते हैं लेकिन, यह तय है कि आने वाले समय में ड्रोन तकनीक पर निर्भरता बढ़ेगी और परंपरागत लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल घटेगा।

# पश्चिम बंगाल सरकार और डॉक्टरों की बैठक बेनतीजा

## राज्य सरकार गतिरोध हल करने के लिए समयसीमा तय करने में अनिच्छुक दिखी

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के 12 चिकित्सक संघों के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव मनोज पंत के बीच सोमवार को स्वास्थ्य भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई। बैठक में राज्य सरकार गतिरोध को हल करने के लिए समयसीमा तय करने में अनिच्छुक दिखी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार डॉक्टरों के प्रतिनिधियों ने बैठक में स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। उन्होंने पंत से आग्रह किया कि अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों से सीधे जाकर बातचीत करें। सरकार के सूत्रों ने कहा कि निगम मंगलवार को आरजी कर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई में शामिल होने के लिए नई दिल्ली गए हैं।




### 10 में से सात मांग पूरी हो चुकीं

बाद में मुख्य सचिव मनोज पंत ने संवाददाताओं से कहा कि हमने विस्तार से बातचीत की जो लगभग ढाई घंटे तक चली। अनेक चिंताएं उठाई गईं और हमने उनका संज्ञान लिया। जूनियर डॉक्टरों की मांगों के संबंध में हमने विस्तार से चर्चा की। 10 मांगों में से सात को पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाकी तीन मांगों के लिए, वे विशिष्ट समयसीमा का अनुरोध कर रहे थे। ये प्रशासनिक निर्णय हैं जिन पर राज्य को विचार करने की आवश्यकता है, इसलिए हम इस समय कोई समयसीमा नहीं दे सकते।

### बातचीत के लिए उच्च अधिकारी को भेजने की मांग

पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम के अध्यक्ष डॉ कौशिक चाकी ने कहा कि बैठक बेनतीजा रही। हमने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि वह किसी अधिकारी को अनशन पर बैठे युवा चिकित्सकों से बातचीत के लिए भेजे और उच्चतम दर्जे वाले अधिकारी को तरजीह दी जाए। हालांकि, मुख्य सचिव ने संकेत दिया कि वह कोई समयसीमा नहीं बता सकते।

### हड़ताल वापस लेने के लिए राजी करें प्रतिनिधि

पंत ने कहा कि हमने उन्हें आश्वासन दिया कि हमने उनके मुद्दों और शिकायतों पर ध्यान दिया है। हमने उनसे आग्रह किया कि वे जूनियर डॉक्टरों को उनकी भूख हड़ताल वापस लेने के लिए राजी करें, क्योंकि हम उनके स्वास्थ्य और कुशलता के बारे में चिंतित हैं। बैठक में मुख्य सचिव के साथ गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और राज्य स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# गुजरात से 5 हजार करोड़ की 518 किलो कोकीन जब्त

**एजेंसी । गांधीनगर/नई दिल्ली**

गुजरात के अंकलेश्वर के अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के गोडाउन से रविवार रात 518 किलो कोकीन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5000 करोड़ रुपए है। दिल्ली-गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कोकीन उसी इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ी है, जिसकी 2 बड़ी खेप दिल्ली से 2 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान पकड़ाई थीं। पुलिस ने बताया कि अब तक इस सिंडिकेट की कुल 1289 किलो ड्रग्स जब्त की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 13 हजार करोड़ रुपए है। इस सिंडिकेट से जुड़े कुल 12 लोग अब तब गिरफ्तार हो चुकी है, जिनमें से 7 को दिल्ली की पिछली 2 रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था। दुबई से ऑपरेट हो रहे इस सिंडिकेट के मास्टरमाइंड की पहचान विरेंदर बसोया के रूप में हुई है। इसके दुबई में कई बिजनेस हैं। पुलिस ने बसोया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। PTI के सूत्रों के मुताबिक पूरे देश में आज तक कभी इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन नहीं जब्त की गई है। पिछले 12 दिनों की ये 3 रेड अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है।



### सिंडिकेट के मेंबर को कोड नेम दिए गए थे

पुलिस ने बताया कि इस सिंडिकेट के जुड़े ज्यादातर मेंबर एक दूसरे को नहीं जानते थे। वे सोशल मीडिया के जरिए कोऑर्डिनेट करते थे। कम्युनिकेशन के लिए हर मेंबर को एक-एक कोड नेम दिया गया था। इसके अलावा पुलिस को आशंका है कि ड्रग्स की यह खेप साउथ अमेरिकी देशों से समुद्री रास्ते से गोवा लाई गई थी। इसके बाद इसे दिल्ली लाया गया।

- 5 गिरफ्तार, 12 दिन में इस सिंडिकेट पर 3 छापे
- 13,000 करोड़ की ड्रग्स बरामद

### अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बधाई दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त करने के सफल अभियानों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद करना भी शामिल है। ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा।'

### दिल्ली पुलिस 2 महीने से प्लानिंग कर रही

दिल्ली-गुजरात में कोकीन जब्ती का इसे अब तक का सबसे बड़ा केस माना जा रहा है। पुलिस इस सिंडिकेट का पता लगाने के लिए पिछले दो महीने से काम कर रही थी। तब पुलिस को ड्रग्स सप्लाई का इनपुट मिला था। ये तस्कर इस ड्रग को दिल्ली और NCR में खपाने की कोशिश में थे।

# वक्फ बिल पर JPC बैठक से विपक्ष का वॉकआउट

- चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग
- चर्चा के लिए स्पीकर से समय मांगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वक्फ बिल पर बनी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की सोमवार को हुई बैठक का विपक्षी सांसदों बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्पीकर से समय भी मांगा है।

### तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही कार्यवाही



सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है। सांसदों ने कहा- कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी, लेकिन यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को बदनाम करने के लिए थी। दरअसल, अनवर ने अपनी प्रेजेंटेशन में उन नेताओं का जिक्र किया, जिन पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप है। इसमें खड़गे का भी नाम था। विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया। दरअसल, मार्च, 2012 में वक्फ के 2.3 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाने वाली मणिप्पाडी कमेटी ने तत्कालीन सीएम सदानंद गौड़ा को अपनी रिपोर्ट दी थी।

### 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था वक्फ संशोधन बिल

वक्फ (संशोधन) बिल 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था और विपक्ष की आपत्ति के बीच इसे JPC को सौंप दिया गया था। कमेटी को अगले संसद सत्र के पहले सप्ताह के आखिर तक अपनी रिपोर्ट लोकसभा को सौंपनी है।